www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 324 । नर्मदापुरम, शनिवार 1 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कांग्रेस पार्षद दल ने परिषद की बैठक में दो एजेंडे पर जताया विरोध : अपील समिति के लिए सीएमओ को सौंपा पत्र — पृष्ठ 2
जल संकट को कैसे दूर कर सकते हैं? निर्वासितों से दुर्व्यवहार को सामान्य न बनाएं — पृष्ठ 4
स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर की समीक्षा बैठक — पृष्ठ 6
छोटे उद्योगों के लिए बड़े अवसर तैयार — पृष्ठ 8

मुख्यमंत्री गढ़ाकोटा में सांस्कृतिक रहस मेले और किसान सम्मेलन में हुए शामिल

# 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदेगी सरकार

### सागर-दमोह रोड को फोर लाइन बनाया जाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक रहस मेले में आयोजित किसान महा सम्मेलन में कहा कि बुन्देलखण्ड वीरों की धरती है। वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने किसानों के लिए बड़ी सौगात देते हुए कहा कि सरकार अब किसान भाईयों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी। आगे चलकर गेहूं 27 सौ रुपए प्रति क्विंटल भी खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि सागर-दमोह रोड को फोरलेन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से 5 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किये। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार चावल पर 2 हजार रुपए प्रति हैक्टेयर बोनस दिया जाएगा। इसी प्रकार दूध का उत्पादन करने वालों को भी बोनस दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सीमा पर जवान और खेत पर किसान को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में बुंदेलखंड की लाखों हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी।



उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाकर रखें, उन्हें उनकी जमीन का पूरा लाभ मिलेगा और उनकी कृषि समृद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरा कर रहे हैं। इसमें केन-बेतबा लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार महाराष्ट्र सरकार से मिलकर भी नदी जोड़ो अभियान प्रारंभ किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी सभी योजनाएं जारी रहेंगी।

### किसानों की आय दोगुनी करने के किए जा रहे प्रयास : कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के हित के लिए लगातार कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसान खुशहाल होगा तो देश और प्रदेश खुशहाल होगा। किसानों को योजनाओं का लाभ देने के लिए किसान मेला एवं कार्य-शालाओं का लगातार आयोजन किया जा रहा है। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सरकार मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। भोपाल-जीआईएस में आमंत्रित कर उद्योगों की नगरी बनाने के लिए बुंदेलखंड, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर में रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

### भार्गव अपराजेय राजनेता : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के किये कार्यों का प्रभाव है कि काम के बल पर ही आज वो लगातार 9 बार से अपराजेय राजनेता बने हुए हैं। सरकार प्रदेश में बहनों को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि जहाँ सरकार बहनों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है, वहीं पूर्व मंत्री श्री भार्गव के द्वारा 21 हजार से अधिक बेटियों की शादी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है।

### मैं रहूं या न रहूं मेला चलता रहेगा : भार्गव

वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने कहा रहस मेला 220 वर्ष पुराना मेला है। वर्ष 1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा ने कहा था इस मेले को और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री पटवा ने मेले को और समृद्ध बनाने के लिए निर्देशित किया था। श्री भार्गव ने भावुक होकर कहा कि मैं रहूँ या न रहूँ यह रहस मेला हमेशा चलता रहेगा। श्री भार्गव ने कहा कि विलुप्त हो रहे मेलों को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने रहस मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। इस अवसर पर मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल थे। मेला अध्यक्ष अभिषेक दीपू भार्गव ने स्वागत भाषण में मेले की विस्तार से जानकारी दी।

बद्रीनाथ में हिम स्खलन

# 57 मजदूर दबे, 32 को सुरक्षित निकाला

### बर्फबारी के कारण बचाव दल को हो रही परेशानी

**देहरादून, देशबन्धु।** चमोली जिले में बदरीनाथ धाम के समीप स्थित माणा गांव के पास एक ग्लेशियर टूटने से बड़ा हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के ठेकेदार के तहत काम कर रहे 57 मजदूर मलबे में दब गए। अब तक 32 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। शेष मजदूरों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि भारी बर्फबारी के कारण ये घटना हुई है। सीएम धामी ने ग्लेशियर टूटने और उसके मलबे में मजदूरों के दबने पर दुख जताया है। उन्होंने भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की कामना की है। पुलिस मुख्यालय की ओर से आईजी निलेश आनंद भरणे ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण राहत दल को वहां पहुंचने में दिक्कतें हो रही हैं।

बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, औली, गोरसों के साथ ही नीती और माणा घाटियों में तीन दिन से बर्फबारी हो रही है। जिससे ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फ जमा हो गई है।



### कुल्लू में घरों में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश में 3 दिन से बर्फबारी-बारिश हो रही है। लाहौल स्पीति, चंबा के पांगी-भरमौर और किन्नौर जिले में बर्फबारी के बाद सड़कें बंद कर दी गई हैं। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में भारी बारिश के चलते लोगों के घरों में पानी घुस गया। बाढ़ से कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। जम्मू-कश्मीर में भी तीन दिनों से बारिश और बर्फबारी हो रही है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित कई सड़कें बंद हो गई हैं।

### तेलंगाना में टनल हादसा, बचाव अभियान जारी

तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को 6 दिन बीत चुके हैं। लेकिन टनल में फंसे 8 मजूदरों को अबतक नहीं निकाला जा सका है। बचाव अभियान जारी है। शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से काटने रास्ते से हटा रही है।

# महोबा में सड़क हादसा, भोपाल के 4 लोगों की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरप्रदेश के महोबा में हुए एक सड़क हादसे में भोपाल के 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के नीचे फंसी कार को जेसीबी के माध्यम से निकाला गया। कानपुर-सागर हाइवे पर शुक्रवार सुबह अनियंत्रित होकर तेज तेज रफ्तार यह कार सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी।

जानकारी के अनुसार हिनौतिया सड़क भोपाल निवासी नरेश नागर पुत्र सिद्धनाथ, अवधेश नागर पुत्र बाबूलाल, पूजा नागर और एक अन्य महिला अल्टो कार से प्रयागराज



महाकुंभ में स्नान करने के लिए गए थे। वह शुक्रवार को वापस भोपाल लौट रहे थे कार तेज रफ्तार पर थी कि महोबा के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और ट्रक में जा घुसी, ट्रक भी करीब 50 मीटर तक कार को घसीटता ले गया। जिसके कारण कार में सवार तीन लोगों ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया। करीब एक घंटे बाद जेसीबी मौके पर पहुंची, जहां हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को महोबा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उन्होंने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही जिला पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ट्रक को जप्त कर संबंधित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

शेयर बाजार में भारी गिरावट

# सेंसेक्स 14 सौ अंक से अधिक फिसला

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,414.33 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,198 और निफ्टी 420.35 अंक या 1.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,124 पर था।

तेज गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपये गिरकर 383 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि गुरुवार को 393 लाख करोड़ रुपए था। गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,221.55 अंक या 2.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,915 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 456 अंक या 3.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,700 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। बीएसई पर 780 शेयर हरे निशान में, 3,214 शेयर लाल निशान में और 88 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में ऑटो में 3.92 प्रतिशत, आईटी में 4.18 प्रतिशत, एफएमसीजी में 2.62 प्रतिशत, एनर्जी में 2.09 प्रतिशत, इन्फ्रा में 2.07 प्रतिशत और फार्मा में 1.92 प्रतिशत की गिरावट हुई। करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग पर सीएजी रिपोर्ट पेश

# दिल्ली के अस्पतालों में स्टाफ की कमी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट रखी। 7 पन्नों की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। नर्स और डॉक्टर्स की संख्या पर्याप्त नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य प्रोग्राम में फंडिंग की कमी है। एंबुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं।

### बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को करना पड़ता है लंबा इंतजार

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की कम से कम 21 मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं है। अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को जो रकम दी थी, उसका इस्तेमाल ही नहीं किया गया। इस रिपोर्ट पर सोमवार को सदन में चर्चा होगी। राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ी कैग की यह दूसरी रिपोर्ट है, जिसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने विधानसभा में रखा है। इससे पहले श्रीमती रेखा ने आबकारी नीति से संबंधित कैग की पहली रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा था, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) की गलत नीतियों की वजह से 2002.68 करोड़ रुपये के सरकारी राजस्व की हानि होने की बात कही गयी है।

फैक्ट्री के बाहर कड़ा पहरा, साढ़े 6 सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

# पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलना शुरू

### विशेष सुरक्षा उपकरणों के साथ काम कर रहे कर्मचारी

**भोपाल, देशबन्धु।** पीथमपुर स्थित रामकी प्लांट में दोपहर बाद यूनियन कार्बाइड का कचरा जलना शुरू कर दिया गया है। इसके पहले आज सुबह 10 बजे से प्रक्रिया शुरू हुई। विशेष सुरक्षा उपकरणों के साथ कर्मचारी काम कर रहे हैं। इस दौरान फैक्ट्री के बार कड़ा पहरा है, यहां करीबन साढ़ 6 सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं।

कचरा जलाने के पहले जहर के प्रभाव को कम करने के लिए कचरे के साथ चूने को मिलाकर 9-9 किलो के पैकेट बनाए गए। जिसके बाद 2 भस्मकों को 8 सौ से 12 सौ डिग्री तापमान पर रखा गया और उसमें कचरा जलाना शुरू किया गया। तीन चरणों में यूका का यह 10 टन कचरा जलाया जाएगा। जहरीले कचरे



से जो राख बचेगी। उससे पीथमपुर के ही रामकी प्लांट में ही जमीन में दफन किया जाएगा। न्यायालय के निर्देश पर 30 टन कचरा ही जलाया जाएगा। इसकी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी। उसके बाद बचा कचरा जलाया जाएगा। करीब 337 टन कचरा भोपाल से इंदौर तक 12 कंटेनरों में लाया जा चुका है। 57 दिनों से यह कंटेनर पीथमपुर में रखे गए हैं। फिलहाल 5 कंटेनरों को खोला गया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों उच्च न्यायालय ने भी पीथमपुर में सुरक्षित ढ़ंग से कचरा जलाने के निर्देश दिए थे। सरकार ने उच्च न्यायालय में कहा था कि कचरा जलने से लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। उच्च न्यायालय के इस आदेश पर रोक लगाने की मांग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, यह याचिका खारिज कर दी गई थी, जिससे पीथमपुर में ही कचरा जलाने का रास्ता साफ हो गया था। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि कचरा जलाने के दौरान परिणामों का आंकलन किया गया। कचरा नष्ट करने के दौरान कोई समस्या नहीं आई तो प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री ने कहा- ये जहर कांग्रेस की देन

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गैस हादसा कांग्रेस की सरकार के समय हुआ। घटना के बाद कचरा छोड़कर चले गए, ये कांग्रेस की लापरवाही है। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले को देखा है, उसके बाद ही कचरा जलाया जा रहा है।

### पटवारी बोले- नेताओं के आर्थिक हित छुपे हुए हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यूनियन कार्बाइड अपशिष्ट निपटान मामले पर कहा कि यूनियन कार्बाइड के कचरे को लेकर सरकार न्यायालय के आदेश का बहाना बना रही है...। यदि सरकार इस कचरे को उठाकर इंदौर के पीथमपुरा लेकर गई तो इसका अर्थ है कि इसके पीछे सरकार और नेताओं के आर्थिक हित छिपे हुए थे।




# कांग्रेस पार्षद दल ने परिषद की बैठक में दो एजेंडे पर जताया विरोध : अपील समिति के लिए सीएमओ को सौंपा पत्र

**इटारसी, देशबन्धु।** 27 फरवरी को हुए हंगामेदार नगर पालिका परिषद के साधारण व्यापक सम्मेलन के बाद आज कांग्रेस पार्षद दल सहित नगर कांग्रेस कमेटी ने सम्मेलन में विचारण के लिए रखे प्रस्ताव क्रमांक 3 और 6 के विरोध में नगर पालिका की अपील समिति के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा को पत्र सौंपा।

ज्ञात हो किक नगर पालिका द्वारा सम्मेलन के विषयों में कंडिका क्रमांक 3 में नगरीय सीमा क्षेत्र अंतर्गत कचरा संग्रहण (डोर टू डोर कलेक्शन) पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रथम चरण में चिह्नित किए गए वार्ड क्रमांक 32, 31, 11, 12, 13 14, 15, 17 एवं वार्ड क्रमांक 30 के आंशिक भाग के लिए 3 वर्षों के लिए कचरा संग्रहण (डोर टू डोर कलेक्शन) कार्य हेतु अनुमानित व्यय राशि रुपए 3 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु विषय सूची में सम्मिलित किया गया था एवं साथ ही कंडिका क्रमांक 6 में नगर पालिका की स्वामित्व की समस्त दुकानों के वर्ष 2025-26 से किराए वृद्धि किए जाने के संबंध में विचार किया जाना था। जिस पर कांग्रेस पार्षदों ने अपना विरोध दर्ज किया था। प्रस्ताव क्रमांक 3 का विरोध दर्ज करते समय अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा कांग्रेस पार्षदों की बात को नजरअंदाज किया एवं मनमानी से नगरपालिका अध्यक्ष ने प्रस्ताव को पारित कर दिया जिससे नाराज होकर कांग्रेस पार्षदों





ने हंगामा किया एवं सदन की कार्रवाई से वॉकआउट कर दिया।

आज देर शाम कांग्रेस पार्षद दल नगर कांग्रेस कमेटी यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के सदस्यों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कक्ष में पहुंचे एवं उक्त दोनों प्रस्ताव के विरोध में पत्र सौंपा जिसमें सीएमओ को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि 7 कार्य दिवस के भीतर यदि नगर पालिका इन दोनों प्रस्तावों को विलुप्त नहीं करती या वापस नहीं लेती ऐसी स्थिति में नगर के समस्त व्यापारी संगठनों और सफाई कामगार संगठनों को साथ लेकर कांग्रेस नगर पालिका की तालाबंदी सहित चरणबद्ध आंदोलन की ओर अग्रसर होगी।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, वरिष्ठ पार्षद धर्मदास मिहानी, सीमा भदौरिया, रमा चंद्रवंशी, अंजलि कलोसिया, कन्हैयालाल मिहानी, अमित कापरे, संजय ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना सिद्दीकी, मोनी चंद्रवंशी, पप्पी कलोसिया, अभिषेक साहू, राहुल वर्मा, गोल्डी चौधरी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे, उत्सव दुबे, नमन पटेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### संत बाबा गेलाराम के 75 वे जन्मोत्सव पर 11 दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज से

**इटारसी, देशबन्धु।** सद्गुरु संत बाबा गेलाराम के 75 वे जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा रामदेव से प्रशिक्षित योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में 11 दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अयोजन 1 से 11 मार्च तक किया जाएगा। शिविर में शरीर को निरोग रखने के लिए नियमित योग अभ्यास करवाने के साथ प्रतिदिन अलग रोगों को दूर करने के लिए विशेष योग नि:शुल्क कराये जाएंगे।

शिविर का आयोजन भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं संत बाबा गोदड़ी वाला धाम समिति द्वारा कराया जा रहा है। शिविर में सुबह 6 से 7:30 बजे तक आंखों के लिए, मस्तिष्क, सिरदर्द, माइग्रेन, नाक, कान, गले एवं थाइराइड के लिए, सर्दी, जुकाम, कफ, एलर्जी, दमा, अस्थमा, लंग्स, हार्ट, किडनी, लीवर, पेनक्रियाज, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह, सरवाइकल स्पोडिलाइसिस, पीठ दर्द, कमर दर्द, घुटना दर्द, जोड़ों का दर्द एवं मोटापा आदि के निवारण के लिए योग अभ्यास कराया जाएगा।

### ग्रामीणों को दुर्घटना से बचाने इटारसी-धर्मकुंडी मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाना शुरू

**इटारसी, देशबन्धु।** इटारसी से धर्मकुंडी मार्ग पर सड़क पर गति अवरोधक बनाने का कार्य संबंधित विभाग ने प्रारंभ कर दिया है। इस मार्ग पर स्कूल, अस्पताल आदि पड़ते हैं और दुर्घटना की संभावनी बनी रहती है। यहां मार्ग पर तेज गति से



चलने वाले चार पहिया, दुपहियावाहनों से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

ग्राम पंचायत पीपलढाना में इटारसी-धर्मकुण्डी मार्ग पर स्पीड से दौड़ते डंपर और अन्य वाहनों की गति को नियंत्रित करने मेन रोड पर चार स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाना शुरू कर दिया है ताकि स्कूली बच्चे, अस्पताल जाने वाले मरीज, और आम ग्रामीण इन अनियंत्रित वाहनों से होने वाली दुर्घटना से बच सकें। पिछले दिनों पंचायत सचिव मनीष राजपूत ने बड़ी नहर में लटकते डम्पर पर चिंता जताते हुये पत्र लिखकर सड़क सुरक्षा पर अविलम्ब उपाय करने का निवेदन किया था, इसके बाद विभाग सक्रिय हुआ और दुर्घटना से बचाने कदम उठाना प्रारंभ किया है।

### कुनबी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 मार्च को भोपाल में

**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज संगठन, मप्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राने ने बताया है कि संगठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार 9 मार्च, 2025 प्रात: 10 बजे से चपाती केंद्र के पास, ई-सेक्टर, भेल बरखेड़ा, भोपाल में 20 वॉ नि:शुल्क अंतर्राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, महिलाओं का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम एवं विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं अन्य केंद्रीय मंत्री, सांसद, केबीनेट मंत्री, राज्यमंत्री, विधायक एवं जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किये हैं। रजत जयंती समारोह एवं सम्मेलन में 18 राज्यों के एवं देश-विदेश में बसे युवक-युवती प्रत्याशी, अभिभावक एवं समाज बंधु भाग लेंगे।

श्री राने ने बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कुनबी समाज महिला मोर्चा ने महिलाओं का सम्मान एवं हल्दी कुमकुम कार्यक्रम भी रखा है। समारोह स्थल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सामाजिक सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस दौरान नेत्र परीक्षण, पैथालाजी जांचें, सिकल सेल टेस्टिंग, बोन डेनसिटी टेस्ट एवं चिकित्सा परामर्श निशुल्क दवा वितरण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिया जाएगा।

### गौसेवकों ने की पंचायत स्तर पर नियुक्ति की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** मैत्री गौ सेवक संगठन की बैठक 28 फरवरी को नेहरू युवा केंद्र में आयोजित हुई, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि संगठन की मासिक बैठक हर महीने के अंत में होगी, जिसमें जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही संगठन के प्रत्येक मैत्री गौसेवक को हर महीने 50 रुपये देने का निर्णय लिया गया। गौसेवकों को किसी भी जनहित के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में दशरथ लोखंडे, दशरथ चौरे, नंदकिशोर बारस्कर, महेंद्र आमोदकर, रामजी मर्सकोले, दिनेश बारस्कर, राजेश राजने, गंभीर सिंह राजपूत और दीपक गौर मौजूद रहे।

इसके अलावा, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता (मैत्री) गौ-सेवक कल्याण संगठन की ओर से प्रदेश सहसचिव एवं जिला प्रभारी बैतूल, कुमान सिंह राजपूत के नेतृत्व में आमला विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्रशिक्षित ए.आई. टेक्निशियनों की नियुक्ति और मानदेय की मांग की गई।

## जिले के सात ब्लॉक में 10348 ने दिया अंग्रेजी का पेपर, 148 अनुपस्थित रहे



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा बारहवी की परीक्षा के अंतर्गत आज अंग्रेजी का पेपर देने जिले के सात ब्लॉक में 10348 परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे। हालांकि परीक्षा के लिए 10496 परीक्षार्थी दर्ज थे। 148 परीक्षार्थी केन्द्रों पर पेपर देने नहीं पहुंचे। नर्मदापुरम में सबसे अधिक 2870 परीक्षार्थियों ने नियमित और 446 ने स्वाध्यायी परीक्षार्थी के तौर पर पेपर दिया। बनखेड़ी में सबसे कम 816 नियमित और 90 स्वाध्यायी ने अंग्रेजी का पर्चा हल किया। इनके अलावा माखननगर में 861 नियमित, 61 स्वाध्यायी, सोहागपुर में 1050 नियमित, 126 स्वाध्यायी, पिपरिया में 1398 नियमित और 199 स्वाध्यायी, सिवनी मालवा में 1398 नियमित, 148 स्वाध्यायी और केसला में 885 नियमित परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया।

नर्मदापुरम जिले के सात ब्लॉक में कुल दर्ज नियमित 9347 में से 9278 ने पेपर दिया जबकि 69 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से 1149 में से 1070 स्वाध्यायी परीक्षा देने पहुंचे ओर 79 अनुपस्थित रहे। कुल 10496 में से 10348 ने परीक्षा दी और 148 अनुपस्थित रहे। कुल पांच दिव्यांग दर्ज थे और पांचों ने अंग्रेजी का पर्चा हल किया। जिले में कहीं कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

## जनपद पंचायत केसला में ग्राम डांडीवाड़ा से वाटर शेड यात्रा का आरंभ

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार भूमि संरक्षण विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में 24 फरवरी से 28 फरवरी तक 'वाटर शेड यात्रा' का आयोजन ग्राम पंचायत दांडीवाड़ा, सिलवानी, भारगदा, चारटेकरा, कालाआखर में किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत डांडीवाड़ा जनपद केसला में 'वाटर शेड यात्रा' का आरंभ हुआ जिसमें ग्रामीणों ने हजारों की संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वाटरशेड यात्रा का प्रमुख उद्देश्य वाटर शेड कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाना है व जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों में रूचि व ग्रामीण जागरूकता पैदा करना है।

इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए पानी की रैली, नुक्कड़ नाटक, कठ पुतली का आयोजन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किया। वाटरशेड योजना की तरफ से वाटरशेड कार्यों में सहयोग करने के लिए उन्हें 'पथ प्रदर्शन-मार्गदर्शन के रूप में सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम परियोजना क्षेत्र में 260 लाख के जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों का भूमि पूजन सिवनीमालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा के करकमलों से किया। कार्यक्रम में श्रीमती राधाबाई सुधीर पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष जिला नर्मदापुरम, श्रीमती सीमा कासदे जिला पंचायत सदस्य, गंगाराम कलमे जनपद अध्यक्ष केसला, जय सोलंकी डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला, समस्त अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्राम सरपंच उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई।

## महाशिवरात्रि पर लगे मेले का समापन, ध्वज उतारा

**इटारसी, देशबन्धु।** तिलक सिंदूर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगे तीन दिवसीय मेले का समापन हो गया है। मेल के लिए चढ़ाया ध्वज भी उतार लिया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पूजा अर्चना अभिषेक करने लगभग दो लाख श्रद्धालुओं पहुंचे।

प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु अधिक संख्या बढ़कर पहुंच रहे हैं, एसडीएम टी टी प्रतीक राय ने सभी विभाग अधिकारी एवं समिति का आभार व्यक्त किया। मेले का सफलता से मेला का संचालन हुआ, किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना एवं अन्य समस्या नहीं आयी। व्यवस्था में नगर पालिका इटारसी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी सिवनी मालवा, जनपद पंचायत केसला, सचिव, सह सचिव, मोबिलाइजर, राजस्व विभाग, आरआई, पटवारी, कोटवार, ग्राम पंचायत डोभी तालपुरा, अमाड़ा, खटामा,



विकास समिति भट्टी, आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर की टीम ने वाहन पार्किंग की भूमिका निभाई।

एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार शक्ति तोमर, शंकर रघुवंशी, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ केसला जय सोलंकी, एवं रंजीत ताराम, इटारसी थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरवडे, पथरौटा थाना प्रभारी संजीव पवार सहित अन्य अधिकारी, पुलिस बल, समिति के सभी सदस्य लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यशाला में नवाचार और अनुसंधान पर जोर

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में ऊर्जा क्लब द्वारा अकादमिक उन्नयन हेतु राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दो दिनी कार्यशाला में छात्राओं के लिए कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों जैसे कोडिंग वर्कशॉप, साइंस डिबेट, विज्ञान क्विज, विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता, साइंस फार सोसाइटी प्रोजेक्ट्स, विज्ञान चलचित्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम का उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और नवाचार के लिए सशक्त बनाना है, ताकि वे विकसित भारत के लिए वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सके। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार कृष्णा ने कहा कि हमारे देश का भविष्य विज्ञान और नवाचार पर निर्भर करता है। भारत के युवा, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विद्यार्थी अगर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तो भारत वैश्विक मंच पर एक अग्रणी वैज्ञानिक शक्ति बन सकता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता पर जोर देते हुए आवश्यक बदलाव के लिए तैयार रहने को कहा।

डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद है। आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी वैज्ञानिक सोच को अपनाये और हर समस्या का तार्किक समाधान खोजें। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें ताकि भारत आत्मनिर्भर बन सके। रमन प्रभाव की व्याख्या करते हुए कार्यक्रम समन्वयक एवं ऊर्जा नोडल अधिकारी डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि ज्ञान ही शक्ति और विज्ञान भविष्य की कुंजी है। यदि भारत को वैश्विक वैज्ञानिक शक्ति बनाना है तो हमें सर चंद्रशेखर वेंकट रमन जैसे वैज्ञानिकों की आवश्यकता है जो नवाचार अनुसंधान और खोज को प्राथमिकता दें। देश के युवाओं को वैज्ञानिक सोच अपनानी होगी, अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा और स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। वर्तमान में प्रचलित क्रांतिकारी विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव जाति के लिए वरदान है विषय पर महाविद्यालय में छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के अंतर्गत पक्ष विपक्ष में विचार रखे।

विषय के पक्ष में छात्राओं ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है



जो मशीनों को सोचने, निर्णय लेने और कार्य करने की क्षमता प्रदान करता है जिससे वह मनुष्यों की जटिल समस्याओं का समाधान कर सके जबकि विपक्ष में छात्राओं ने रोजगार संकट, नैतिक और कानूनी चुनौतियां, हथियार प्रणाली और सुरक्षा खतरों, मानव नियंत्रण से बाहर होने की आशंका, भावनाओं और मानव संवेदनाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाकर विषय के विपक्ष में विचार रखे। विषय विशेषज्ञ डॉ विनोद कुमार कृष्णा एवं निर्णायक मंडल ने निष्कर्ष स्वरूप कहा कि सदन का निर्णय है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव जाति के लिए वरदान है, आवश्यकता इस बात की है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूर्ण नियंत्रण के साथ किया जाए। समन्वयक डॉ शिरीष परसाई पर ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों पूनम साहू, डॉ संजय आर्य, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ श्रद्धा जैन, हेमंत गोहिया, करिश्मा कश्यप, शोभा मीणा, मंथन दुबे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मंजरी अवस्थी, डॉ हर्षा शर्मा, रविंद्र चौरसिया, डॉ मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ सौरभ पगारे, क्षमा वर्मा, प्रिया कलोशिया, तरुणा तिवारी तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

## सिटी पुलिस ने कोर्ट से फरार 3 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया




**इटारसी, देशबन्धु।** सिटी पुलिस ने तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। ये तीनों न्यायालय से फरार चल रहे थे।

पुलिस ने छोटू उर्फ दीपक पिता सुरेश चौधरी मेहरागांव, अंकुश पिता राजू चौधरी सूरजगंज एवं अजय पिता विजय मालवीय रैसलपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। तीनों को न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका प्रधान आरक्षक, हरीश डिगरसे, बृजलाल नर्रे एवं आनंद कुशवाह की रही है।

## पेंशनरों की मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**इटारसी, देशबन्धु।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अम्बेडकर पार्क तुलसी नगर भोपाल में पेन्शनरों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

संस्था के प्रांतीय सचिव बसंत गिरी गोस्वामी ने बताया कि भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में इटारसी शहर के अनेक पेंशनरों ने भाग लिया एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। श्री गोस्वामी ने बताया कि मप्र के पेन्शनर्स को 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाने, 60 से 70 वर्ष के आयु वाले पेन्शनरों को भी 70 प्लस वालों के समान आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाने, सातवें वेतनमान का 27 माह का एरियर 2016 के पूर्व के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिया जाने, 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त

## 'भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षा के आधुनिक संदर्भ' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में आज उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षा के आधुनिक संदर्भ' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हाईब्रिड मोड पर किया गया।

संगोष्ठी में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल से विशेष कर्तव्य अधिकारी प्रो. धीरेंद्र शुक्ल, भोपाल-नर्मदापुरम के अतिरिक्त संचालक प्रो. मथुरा प्रसाद, शुल्क विनियामक आयोग भोपाल मप्र के अध्यक्ष प्रो. आरआर कान्हेरे, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. अखिलेश कुमार पांडे, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. हर्षवर्धन सिंह तोमर, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल से प्रो. माधवी लता दुबे, शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य, प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, अटल बिहारी वाजपेई





विश्वविद्यालय भोपाल से डॉ. हितेंद्रराम, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय भोपाल से डॉ. जितेंद्र भावसार, शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा से डॉ. अनुराग पाठक प्रत्यक्ष एवं आभासी रूप से मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए।

महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राकेश मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविंद शर्मा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक प्रो. रश्मि तिवारी मंचासीन रहे। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में मुख्य वक्ता, विषय विशेषज्ञ एवं सभागार में उपस्थित प्राध्यापक, शोधार्थी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी के विषय का प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति और पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात करने उसका उचित ढंग से क्रियान्वयन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिस तरह से शासन प्रशासन निरंतर भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े पर्व, त्यौहार, उत्सवों के साथ रीति-रिवाज, परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है हमें भी हमारे प्राचीन ज्ञान को गंभीरता समझने उसे महत्व देने की उस पर गौरवान्वित होने की।

भारत की प्राचीन परंपराओं में आटे से रंगोली डाली जाती थी ताकि चीटियां अपना पेट भर सके, ज्वारे रखने की प्रथा, चिकित्सा, रसायन शास्त्र, वास्तुकला, सूर्य पूजा, पर्यावरण संरक्षण, गुरु शिष्य परंपरा, वृद्धो का सम्मान, पशु पक्षियों के प्रति संवेदना, मानवीय दृष्टिकोण, प्राचीन संस्कृत भाषा का महत्व आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मैक्समूलर के समय हमारी इन परंपराओं को गलत ढंग से अभिव्यक्त किया गया है आज समय का चक्र पुन: हमारी परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। अंग्रेज विद्वान फोस्टर द्वारा कहा गया था कि सारा ज्ञान गंगा नदी से आया है और आज महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक लोगों के द्वारा कुंभ स्नान भारतीय अध्यात्म का साक्षात उदाहरण है।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित इस संगोष्ठी में आए हुए आमंत्रित विद्वानों का स्वागत करते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान हमारी अस्मिता है हमारी पहचान है हमारी गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है इस पर हमें गौरवान्वित होना चाहिए।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### गेहूँ उपार्जन के लिये हरदा जिले में बनाये गये 13 उपार्जन केन्द्र

**हरदा, देशबन्धु।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिये जिले में 1 मार्च से गेहूँ उपार्जन का कार्य प्रारम्भ होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी वासुदेव भदोरिया ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में 13 गेहूँ उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग कर गेहूँ की उपार्जित फसल विक्रय करा सकते है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भदोरिया ने बताया कि जिले में जो 13 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये है, उनमें खिरकिया तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित मांदला ग्राम सक्तापुर, टिमरनी तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित छिदगांवमेल स्टील साइलो बघवाड़, सेवा सहकारी समिति मर्यादित पोखरनी स्टील साइलो बघवाड़ तथा सेवा सहकारी समिति मर्यादित बाजनिया स्टील साइलो बघवाड़ शामिल है। इसी प्रकार रहटगांव तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजाबरारी ग्राम राजाबरारी व सेवा सहकारी समिति मर्यादित रवांग ग्राम कायदा, हंडिया तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित मांगरूल ग्राम खेड़ा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनतलाई ग्राम खेड़ा एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित खेड़ा ग्राम खेड़ा तथा हरदा तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित रहटाकला ग्राम सुल्तानपुर, सेवा सहकारी समिति मर्यादित दीपगांवकला ग्राम सुल्तानपुर, सेवा सहकारी समिति मर्यादित मसनगांव ग्राम सुल्तानपुर तथा सेवा सहकारी समिति मर्यादित गहाल ग्राम सुल्तानपुर शामिल है।

### पंजीयन कार्यालय अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे

**हरदा, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने के लिये मार्च माह में सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में प्रत्येक शनिवार व रविवार को जिला पंजीयक एवं सभी उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। जिला पंजीयक दिनेश कुमार कौशले ने बताया कि माह मार्च 2025 में होली अवकाश 14 मार्च को छोड़कर शेष सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में प्रत्येक शनिवार व रविवार को जिला पंजीयक एवं सभी उप पंजीयक कार्यालय, पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खोले जायेगें।

### संयुक्त दल ने ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों को दी सलाह

**हरदा, देशबन्धु।** कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के संयुक्त दल ने शुक्रवार को ग्राम बारंगा, बारंगी, भटपुरा, कमताडद्वा सहित अन्य ग्रामों के कृषको की चना एवं गेहूँ फसलों का निरीक्षण कर समसामायिक सलाह दी। निरीक्षण के दौरान ग्राम भटपुरा के किसान खेत में गेहूँ फसल में फंफूद जनित रोग फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट के लक्षण आंशिक रूप से देखे गए। संयुक्त दल ने किसानों को फंफूदनाशक दवाई प्रोपीकोनाजोल 250 एम.एल. प्रति एकड़ अथवा टेबुकोनाजोल 250 एम.एल. प्रति एकड़ की दर से 15 दिन के अंतराल पर 120 से 125 लीटर पानी में पावर स्प्रेयर द्वारा छिड़काव करने की सलाह दी। साथ ही आगामी गेहूँ फसल के लिये बीज दर कम करने व इस किस्म का बीज उपयोग नही करने की सलाह दी गई। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने किसानों को सलाह दी है कि वर्तमान में जिन किसानों की फसल गबोट की अवस्था में है, वे स्प्रिंकलर से सिंचाई न करे तथा आगामी ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में गहरी जुताई तथा बीज उपचार कर बोनी करें।

### हरदा ग्रामीण की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर हरदा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 'पोषण ट्रैकर' एप पर बच्चों की हाइट एवं वजन अपडेट करने के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग शुरू हो गई है। पोषण ट्रैकर एप की जिला समन्वयक सुश्री उर्वशी पटले ने शुक्रवार को जनपद पंचायत हरदा के सभाकक्ष में हरदा ग्रामीण की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें पोषण ट्रैकर एप संचालन के बारे में बताया। उन्होने कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप में सही ढंग से प्रविष्टि करने हेतु प्रशिक्षण भी दिये। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी तथा सुपरवाइजर्स भी मौजूद थीं।

### खेतों में नरवाई जलाने पर होगी अर्थदंड की कार्यवाही

**हरदा, देशबन्धु।** पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशों के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषत: धान एवं गेंहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों अर्थात नरवाई को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक व्यवस्था बनाकर बेहतर पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव-जन्तुओं की जीवन सुरक्षा प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। ऐसा कोई व्यक्ति, निकाय अथवा कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये, 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। दण्ड वसूलने के लिये संबंधित व्यक्ति, निकाय अथवा कृषक जिनके द्वारा नरवाई जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुँचाई गई है, को उप संचालक कृषि सूचना-पत्र जारी करेंगे। सूचना-पत्र को तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी। संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी इसका पर्यवेक्षण करेंगे एवं तामिल किए गए सूचना पत्रों की सूची अनुविभागीय कृषि अधिकारी उप संचालक कृषि को प्रस्तुत करेंगे।

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

# लक्ष्य अनुसार राजस्व वसूली की प्रक्रिया तेज करें : कलेक्टर

## तहसीलदार नियमित रूप से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें

**नर्मदापुरमदेशबन्धु।** नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर राजस्व प्रकरणों एवं वसूली की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं प्रशासनिक कार्यों की सुचारुता पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर सुश्री मीना ने अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को छोटे-छोटे दैनिक लक्ष्यों में विभाजित कर उनकी प्राप्ति सुनिश्चित करें। नर्मदापुरम नगर की राजस्व वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार नगर को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं वसूली प्रक्रिया में तीव्रता लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की राजस्व संबंधी जानकारी अद्यतन रखें। साथ ही, सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व वसूली के लिए अतिरिक्त क्षमता का निर्धारण करें। सिवनी मालवा अनुविभाग की समीक्षा के दौरान, तहसीलदार को अधिक मांग कायम कर वसूली प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।




बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फील्ड पर अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री एवं आधार आरओआर प्रक्रिया में वृद्धि की जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों को शीघ्र अगले स्तर पर भेजा जाए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में सीपीग्राम एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा भी की गई, जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। पीएम किसान सेल्फ रजिस्ट्रेशन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र सत्यापित कर निष्पादन करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि समस्त तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बेहतर रूप से निष्पादित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसीलदार अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं, नियमित रूप से ग्राम भ्रमण करें, दूरस्थ क्षेत्रों का दौरा करें एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान आगामी रबी उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की आगामी एक सप्ताह में उपार्जन केन्द्रों की सूची तैयार कर उपलब्ध करवाई जाए। इसी के साथ गोदाम सत्यापन का कार्य भी सुनिश्चित करें तथा तहसीलदार भी स्वयं उपस्थित होकर गोदाम का निरीक्षण करें।

इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मंत्रीगण, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया जाए। कलेक्टर ने आगामी पर्वों एवं त्योहारों को ध्यान में रखते हुए समस्त एसडीएम को शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल जैन, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियानः डॉ. मयंक तोमर ने जिम और फिटनेस सेंटरों का किया निरीक्षण

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वप्न नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए हमारे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रयास सराहनीय हैं- डॉ. मयंक तोमर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, सामाजिक न्याय आयोग के अध्यक्ष डॉ. मयंक तोमर ने शहर के विभिन्न जिम और फिटनेस सेंटरों पर निरीक्षण किया। उन्होंने जिम जाने वाले लोगों से मुलाकात की और उन्हें नशे के खतरों के बारे में जागरूक किया।

डॉ. तोमर ने महाकाल फिटनेस सेंटर, आर.के. जिम, और के.जी.एफ. जिम सहित कई जिम और फिटनेस सेंटरों का दौरा किया। उन्होंने जिम संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपने सदस्यों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करें और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। डॉ. तोमर ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने युवाओं को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करना होगा और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।उन्होंने कहा कि सभी नशा मुक्त समाज बनाने में मदद करें जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना है इसमें माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के प्रयास नशा मुक्त समाज बनाने में सराहनीय हैं।हमें उनके प्रयासों को सफल बनाने के लिए एकजुट होना होगा।

# बड़े बकायदारों की सूची तैयार करें

## प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव (राजस्व) श्री विवेक पोरवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जिलों में राजस्व वसूली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अब तक की गई राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा कर समस्त जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



श्री पोरवाल ने समीक्षा बैठक में निम्न राजस्व वसूली वाले 15 जिलों की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि आगामी दिनों में वसूली प्रक्रिया को और अधिक तेज किया जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को पट्टों के नवीनीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रत्येक जिले में अनुविभाग स्तर पर शेष बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर एक ठोस कार्य योजना बनाई जाए, जिससे राजस्व वसूली में वृद्धि हो सके। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि आगामी एक माह के भीतर वित्तीय सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने कहा कि केवल लक्ष्य निर्धारण करने से वसूली प्रक्रिया तेज नहीं होगी, बल्कि इसके लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हो रही वसूली की सूक्ष्म निगरानी करना आवश्यक है। इसके साथ ही, जिन बकायदारों को वसूली हेतु नोटिस जारी किए गए हैं, उनकी नियमित समीक्षा की जाए एवं नोटिसों की तामिली भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में सभी जिलों के राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी 15 मार्च तक राजस्व वसूली की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाया जाए। कलेक?टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक?टर सुश्री सोनिया मीना एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद में ऋण वितरण और वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद में कलेक्टर और बैंक प्रशासक सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में ऋण वितरण, वसूली और अमानत के लक्ष्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय प्रकाश सिंह, बैंक मुख्यालय होशंगाबाद के अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं होशंगाबाद एवं हरदा जिले के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक सुश्री मीना ने बैंक के ऋण वितरण, अमानत और वसूली के लक्ष्यों की



शाखावार समीक्षा की। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने बताया कि बैंक की कुल अमानतें 31 जनवरी 2024 की स्थिति पर 52738.96 लाख थीं, जो बढ़कर 31 जनवरी 2025 को 54886.21 लाख हो गईं, जिसमें राशि 2147.25 लाख रूपये की वृद्धि हुई है। इसी तरह, बैंक की ऋण वसूली 28 फरवरी 2024 की स्थिति पर 4411.07 लाख थी, जो 28 फरवरी 2025 की स्थिति पर बढ़कर 7014.86 लाख हो गई, जो गत वर्ष से 2603.79 लाख अधिक है। गतवर्ष 28 फरवरी 2024 की स्थिति पर रबी 2024 में कुल ऋण वितरण 8421.09 लाख जो इस वर्ष 28 फरवरी 2025 की स्थिति पर राशि रू. 7043.30 लाख का ऋण वितरण किया जा चुका है एवं ऋण वितरण की प्रक्रिया जारी है।

कलेक्टर सुश्री मीना ने बड़े बकायादारों के प्रकरण आर.आर.सी. में दायर करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाखा प्रबंधकों को ऋण वितरण, अमानत में वृद्धि करने और कृषि एवं अकृषि ऋणों की वसूली करने के निर्देश दिए।

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय परिसर अंतर्गत सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री डी.के. सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार, जिला कार्यालय नर्मदापुरम में ज्ञापन सौंपने के लिए पूर्वानुमति आवश्यक होगी। इसके लिए आयोजन से 48 घंटे पूर्व आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें आयोजक सहित अधिकतम पाँच व्यक्तियों का विवरण दर्ज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के लिए स्वीकृत व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य किसी का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के सभा, जुलूस, रैली या वाहन जुलूस का आयोजन नहीं कर सकेगा। इसके लिए संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी से 48 घंटे पूर्व अनुमति प्राप्त करना एवं पुलिस को सूचना देना आवश्यक होगा।

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला कार्यालय की क्षेत्र सीमा अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या संगठन लाठी, डंडे, पत्थर, घातक पदार्थ अथवा अस्त्र-शस्त्र का संग्रह नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिला कार्यालय परिसर अंतर्गत किसी को भी बारूद, पटाखे, पेट्रोल अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थों का संग्रहण, निर्माण, उपयोग या प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं होगी।

साथ ही, जिला कार्यालय में किसी भी जुलूस या रैली में आतिशबाजी या तेज आवाज वाले विस्फोटक का प्रयोग बिना अनुमति के नहीं किया जा सकेगा। जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में व्यवसायिक (भारी) वाहनों का आवागमन भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति, संगठन या समूह के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश शासकीय आयोजनों, सरकारी कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे शासकीय सेवकों, पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश की सूचना सर्वसाधारण तक पहुँचाने हेतु इसे जिला कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें और राजस्व वसूली बढ़ाएं

## कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीमांकन, नामांतरण, बटवारा और बटांकन के मामलों का त्वरित निराकरण करें तथा राजस्व वसूली बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बड़े बकायादारों से पहले वसूली करते हुए 'वसूली अभियान' शुरू करें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के साथ-साथ हरदा एसडीएम कुमार शानू देवड़िया तथा खिरकिया एसडीएम अशोक डेहरिया सहित अन्य तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए हितग्राहियों के ई-केवाईसी की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों का निरीक्षण तो करें ही, साथ ही अपने अधीनस्थ न्यायालयों का भी आकस्मिक निरीक्षण करें। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के ग्रामों का नियमित रूप से दौरा करें और अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के कार्यों पर नजर रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री का शेष कार्य 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हंडिया तहसीलदार वीरेंद्र उईके को मुख्यालय हंडिया में ही निवास करने के लिए कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल कटाई के तत्काल बाद चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान प्रारंभ करें तथा खेतों की ओर जाने वाले रास्तों से अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समय सीमा का ध्यान रखते हुए राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें, अन्यथा अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने मुख्यालय पर अनुश्रवण समितियों की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के लिए भी कहा।

# परिवहन विभाग के बाबू सज्जन सिंह रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हरदा, देशबन्धु।** परिवहन विभाग में शुक्रवार को ईओडब्ल्यू ने कार्यवाही करते हुए बाबू सज्जन सिंह घसोरिया को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा । भोपाल ईओडब्ल्यू की 15 सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की । यह कार्रवाई भोपाल के एक बस ऑपरेटर सुरेन्द्र तनवानी की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता सुरेन्द्र तनवानी ने बताया कि उनकी 15 वर्ष पुरानी बस का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करना था। जिसको लेकर उन्होंने अपने साथी प्रदीप राठौर के हाथों आवेदन दिलवाया । जिसमें आरटीओ के बाबू सज्जन सिंह घसोरिया ने पचास हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसको लेकर उन्होंने 27 फरवरी को भोपाल में शिकायत की ।

ईओडब्ल्यू भोपाल के डीएसपी डीके सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्यवाही कर आरटीओ हरदा के कार्यालय



अधीक्षक सज्जन सिंह को 20 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उन्होंने कहा कि बाबू सज्जन सिंह के पास से एक लाख रुपए की राशि भी मिली है। जिसकी जांच की जा रही है । प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

In The Court Of I Civil Judge, Junior Division, District Court, Betul
Presiding Offcer: श्री शुभम नीमा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000041/2025)
फुलकली......................वादी
Vs
सर्वसाधारण ......................प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक: 28/03/2025

प्रेषिती
सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी फूलकली ने आपके विरुद्ध सिविल सूट क्लास ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद को एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी:तलवाना आईडी 1007 2025 अधिवक्ता श्री एन.डी. नागले मो नं. 9575211470
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
न्यायाधीश

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला-हरदा
PH.No. 07577-222238,
Mail- cmoharda@mpurban.gov.in
क्र./ वाहन शाखा/25/. हरदा, दिनांक........ /02/2025

ई-निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा को वित्त वर्ष 2025-26 हेतु वाहन शाखा में विभिन्न प्रकार के वाहनो के लिए टायर-ट्युब क्रय किये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से धरोहर राशि जमा कराकर जिसका विवरण निम्नानुसार है। इस हेतु निविदा क्रमांक 2025_UAD_405599_1 दिनांक 27.02.2025 को जारी कि गई है। ऑनलाईन टेण्डर क्रय दिनांक 28.02.2025 से दिनांक 31.03.2025 समय सायं 6.00 बजे तक एवं बीड प्रस्तुत करने कि अंतिम तिथि 31.03.2025 समय सायं 06.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एंव अन्य जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**

दैनिक देशबन्धु, नर्मदापुरम

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेन्ट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत दैनिक देशबन्धु पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी।

घोषणा पत्र फार्म-4

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | 45,वार्ड नं. 6, कसेरा मोहल्ला होशंगाबाद म.प्र. |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | **गिरिराज चाचा** |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | 26 बी, इंदिरा प्रेस कॉम्पलेक्स महाराणा प्रताप नगर, भोपाल |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | **गिरिराज चाचा** |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | 26 बी, इंदिरा प्रेस कॉम्पलेक्स महाराणा प्रताप नगर, भोपाल |
| 5. संपादक | : | **पलाश सुरजन** |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| पता | : | ई-40, 45 बंगला, नार्थ टी.टी.नगर, भोपाल-462003 |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं। | : | **पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि.** |

मैं गिरिराज चाचा एतद् द्वारा घोषित करता हूं, कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

**गिरिराज चाचा**
दिनांक 1 मार्च, 2025 — प्रकाशक के हस्ताक्षर

# अभिमत

जैव विविधता में मिट्टी के बाद पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जीवन के लिए हवा के बाद पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे संजोया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भोजन के बिना तो कुछ दिन जिया जा सकता है, लेकिन पानी के बिना जीना मुश्किल है। भोजन और पानी ऐसा संसाधन है, जिसे कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। पानी से मानव ही नहीं, समस्त जीव-जगत, पशु पक्षियों का जीवन जुड़ा हुआ है।

## जल संकट को कैसे दूर कर सकते हैं?

नवाचार

■ बाबा मायाराम

गर्मी के मौसम की शुरूआत से ही पानी की समस्या की खबरें आने लगी हैं। यह संकट साल दर साल बढ़ता जा रहा है। अब यह मौसमी नहीं, स्थायी हो गया है। यह समस्या प्रकृति से तो जुड़ी है, पर कुछ हद तक मानवनिर्मित भी है। आज इस कॉलम में पानी की समस्या पर विस्तार से चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इसे समग्रता से समझा जा सके।

हम देख रहे हैं कि बहुत ज्यादा लंबा अरसा नहीं हुआ, जब मध्यप्रदेश में बहुत समृद्ध वन हुआ करते थे। सदानीरा नदियां थीं। गांव में कुएं, तालाब, बावड़ियां थीं। नदी-नालों में पानी की बहुतायत थी। वर्षा जल को छोटे-छोटे बंधानों में एकत्र किया जाता था, जिससे सिंचाई, घरेलू निस्तार और मवेशियों को पानी मिल जाता था। किसान पहले बैलों से चलने वाली मोट से सिंचाई करते थे।

गांव में कच्चे मिट्टी के घर होते थे। घर के आगे-पीछे काफी जगह होती थी। खेती किसानी के काम में घरों में बड़ा आंगन होता था। घर के पीछे सब्जी-बाड़ी होती थी। बाड़ी में हरी सब्जियां लगाई जाती थी। मुनगा, आम, अमरूद, नींबू के पेड़ होते थे। भूमि की सतह का पानी नीचे जज्ब होता था और धरती का पेट भरता था। यानी भूजल ऊपर आता था।

छुटपन में हमारे घर कुएं से पानी आता था। हम नदी में नहाने जाते थे। वहीं मवेशी भी पानी पीते थे। वहां तरबूज-खरबूज की खेती होती थी। मछुआरे मछली पकड़ते थे। कम पानी वाली फसलें होती थी या बिना सिंचाई के भी फसलें हुआ करती थी। बिर्रा (गेहूं और चना मिलवां) खेती होती थी। अरहर, ज्वार होती थी। उड़द-मूंग व कोदो कुटकी होती थी।

मवेशियों को चरने के लिए जंगल व परती जमीन हुआ करती थी। लम्बे घास के मैदान हुआ करते थे। नदी के किनारे भी काफी जगह होती थी, वहां मवेशी चरते और पेड़ों की छाया में बैठते थे।

लेकिन अब जंगल कम हो गए हैं, पेड़ कटते जा रहे हैं, परती जमीन भी दिखाई नहीं देती है। यहां सतपुड़ा पहाड़ों से निकलने वाली नदियां दम तोड़ रही हैं। कुएं, तालाब, बावड़ियां सूख गए हैं। ज्यादा पानी पीने वाली बोनी किस्मों को पानी पिलाने नलकूप खोदे जा रहे हैं। तालाब पट गए हैं।

जैव विविधता में मिट्टी के बाद पानी एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जीवन के लिए हवा के बाद पानी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसे संजोया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भोजन के बिना तो कुछ दिन जिया जा सकता है, लेकिन पानी के बिना जीना मुश्किल है। भोजन और पानी ऐसा संसाधन है, जिसे कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। पानी से मानव ही नहीं, समस्त जीव-जगत, पशु पक्षियों का जीवन जुड़ा हुआ है।

मध्यप्रदेश की स्थिति उत्तर भारत से भिन्न है। उत्तर भारत की नदियां हिमजा हैं, वहां वर्षा न भी हो तो उनमें बर्फ पिघलने से पानी आएगा, लेकिन मध्यप्रदेश की नदियां वनजा हैं, यानी वन नहीं होंगे तो ये शुष्क हो जाएगी। यह हाल यहां की नदियों का हो गया है, यहां की जीवन रेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी की ज्यादातर सहायक नदियां सूख चुकी हैं। इससे नर्मदा भी कमजोर हो गई है।

हाल के कुछ बरसों से किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या अनियमित होना। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यानी ऊर्जा का संकट भी है।

> **हाल के कुछ बरसों से किसानों की एक बड़ी समस्या है बारिश न होना या अनियमित होना। भूजल बरसों में एकत्र होता है, यही हमारा सुरक्षित जल भंडार है। फिर बिना बिजली के उसे ऊपर खींचना मुश्किल है। पूर्व से आसन्न बिजली का संकट साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यानी ऊर्जा का संकट भी है।**

अब सवाल है पानी कैसे बचाया जाए? जैसे भी हो, जहां भी संभव हो, बारिश के पानी को वहीं लोगों के खेत तक पहुंचाना चाहिए। जहां पानी गिरता है, उसे सरपट न बह जाने दें। स्पीड ब्रेकर जैसी पार बांधकर, उसकी चाल को कम करके धीमी गति से जाने दें। इसके कुछ तरीके हो सकते हैं। खेत का पानी खेत में रहे, इसके लिए मेड़बंदी की जा सकती है। गांव का पानी गांव में रहे, इसके लिए तालाब और छोटे बंधान बनाए जा सकते हैं। चैक डेम बनाए जा सकते हैं। पेड़, तरह-तरह की झाड़ियां व घास की हरियाली बढ़ाकर जल संरक्षण किया जा सकता है।

शहरों में हारवेस्टर के माध्यम से पानी को एकत्र कर भूजल को ऊपर लाया जा सकता है। इसके माध्यम से कुओं व नलकूप को पुनर्जीवित किया जा सकता है। इसके साथ सबसे जरूरी है खेती में हमें फसलचक्र बदलना होगा। कम पानी या बिना सिंचाई के परंपरागत देशी बीजों की खेती करनी होगी। और ऐसी कई देशी बीजों को लोग भूले नहीं है, वे कुछ समय पहले तक इन्हीं बीजों से खेती कर रहे थे। देशी बीज और हल-बैल की गोबर खाद वाली की खेती की ओर मुड़कर मिट्टी-पानी का संरक्षण करना होगा। यानी समन्वित प्रयास से ही हम पानी जैसे बहुमूल्य संसाधन का संरक्षण व संवर्धन कर सकते हैं।

यहां उत्तराखंड में वनों के संरक्षण से पानी के परंपरागत स्त्रोत बचाने का अनूठा उदाहरण देना उचित होगा। यहां 80 के दशक में हेंवलघाटी के परंपरागत जलस्त्रोत लगभग सूख चुके थे। लेकिन जब लोगों को गहरा अहसास हुआ कि हमारा बांज-बुरास का जंगल उजड़ रहा है, और सदाबहार जलस्त्रोत सूख रहे हैं, उन्होंने इन्हें पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। इसके बाद वे वनों के जतन में जुट गए।

इस काम के पीछे 'चिपको आंदोलन' की प्रेरणा थी। जड़धार गांव में जहां पहाड़ी के वनों को लोगों ने संरक्षित किया, चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता विजय जड़धारी का गांव है। उनकी जंगल को फिर पुनर्जीवित करने में महती भूमिका है। इस वन को फिर से हरा-भरा करने के लिए उन्होंने उजड़े हुए जंगल की सिर्फ रखवाली की, यानी जंगल को कुछ सालों के लिए विश्राम दे दिया। और देखते ही देखते जंगल से फिर से जी उठा। उनके और बीज बचाओ आंदोलन के जंगल बचाने के प्रयास से वहां के जलस्त्रोत फिर सदानीरा हो गए। जब वन होंगे तो बादल आएंगे, बारिश होगी। यह ऐसा तरीका है, जिससे यह सीख मिलती है कि पेड़ों को, जंगलों को बचाना बहुत जरूरी है।

इस प्रकार, वृक्षारोपण और जंगल बचाने के साथ मेड़बंदी, तालाब बनाने का काम कई जगह हुआ है। राजस्थान में तो पानी बचाने की बहुत ही अच्छी परंपरा है। दो वर्ष पहले मैंने राजस्थान के कुछ जिलों का दौरा किया था और वहां के तालाब देखे थे। वहां के कई तालाब तो बरसों पुराने हैं, उनके रखरखाव के नियम-कायदे भी गांव वालों ने बनाए हैं, जिससे उनका पानी साफ-सुथरा व पीने योग्य बना रहे। इन तालाबों में गंदगी नहीं थी, क्योंकि वहां का समाज मिलकर इसकी देखरेख करता है। उन्हें इनकी चिंता है।

इसके अलावा, वहां हर घर में टंकी है, जिसमें वे बारिश के दिनों में पानी का संग्रह करते हैं, जिसका उपयोग वे साल भर करते हैं। बारिश के पानी की एक-एक बूंद को एकत्र करने की अच्छी परंपरा है।

इसके साथ ही अगर हमारे गांवों के आसपास वन हैं, पेड़ हैं, उनकी रक्षा करनी जरूरी है। यदि प्राकृतिक वन नहीं हैं, तो बड़े पैमाने पर स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाने चाहिए। नर्मदापुरम जिले में एक है काकड़ी, वहां के आदिवासियों ने गांव में काफी पेड़ लगाए हैं। जिससे न केवल उनके गांव में हरियाली आ गई है, बल्कि उनकी जरूरतें भी पूरी हो जाती हैं। पौष्टिक फल, चारा, ईंधन, हरी पत्ती का खाद, रेशे और दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुएं भी मिल जाती हैं।

इस तरह, अगर इसी तरह इस दिशा में अगर समन्वित प्रयास किए जाए तो जलसंकट का समाधान हो सकेगा। लेकिन क्या हम इस दिशा में कुछ सचमुच प्रयास करना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**22 फरवरी**

- छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ।
- भारतीय-अमेरिकी काका पटेल को अमेरिका की शीर्ष एजेंसी संघीय जांच ब्योरो का निदेशक नियुक्त किया गया।
- चीन के मानवयुक्त हवाई पोत ए एस 700 डी का वैज्ञानिक अनुसंधान उड़ान परीक्षण पूर्ण हो गया।
- कश्मीर वादी में गैर प्रवासी कश्मीरी पंडित परिवार 2024 तक केवल 728 परिवार ही बचे हैं।

**23 फरवरी**

- भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शशिकांत दास प्रधानमंत्री पीएम मोदी के प्रमुख सचिव नियुक्त किए गए।
- तेलंगाना में श्री शैलम बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा गिर जाने से 6 मजदूर फंस गए।
- अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में सफलता पूर्वक प्रक्षेपित किया।
- नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंटीयूटिव मशीन।

**24 फरवरी**

- दुबई में खेले गए भारत पाकिस्तान चैंपियंस ट्राफी कोहली के शतक से भारत ने जीत लिया।
- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी अवार्डस और टीम ऑफ द हेयर कैटस मिले।
- विराट कोहली ने वन डे कैच लेने का अजहरुद्दीन का भारतीय रिकार्ड तोड़ा, 14 हजार वनडे रन भी पूरे किए।
- छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा व अंतिम चरण पूर्ण हुआ।

**25 फरवरी**

- रूस यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे होने पर यूरोपीय नेता और कनाडा के पीएम समर्थन जताने के लिए कीव पहुंचे।
- पहली बार भारी बर्फबारी के कारण तुर्की के 18 प्रांतों में 2173 सड़के अवरूद्ध हो गई।
- मुंबई के निखिल पाटिल को इंडियन स्पोर्टस फोटोग्राफी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।
- विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के नए अध्यक्ष चुने गए।

**26 फरवरी**

- महाशिवरात्रि पर आज राजिम कुंभ कल्प का समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय न किया।
- 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में आरोपी सज्जन कुमार को दिल्ली राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई।
- पहली बार चीन का समुद्री आर्थिक उत्पादन 100 खरब यूआन के पार हुआ।
- इराक ने अमेरिका के समक्ष नए सुरक्षा समझौते का प्रस्ताव रखा।

**27 फरवरी**

- छत्तीसगढ़ ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित प्रकृति परीक्षण अभियान में राष्ट्रीयस्तर पर सम्मान प्राप्त किया।
- भारत के बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 2025 में पाकिस्तान के लिखफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरूष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में प्रवेश कर लिया।
- भारत और विदर्भ के कारण नायक ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 8000 रन बनाने की बड़ी उपलब्धि हासिल की।

**28 फरवरी**

- दिल्ली विधानसभा के बाहर निलंबन के खिलाफ आप विधायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया।
- तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने राज्य में हिंदी थोपने का विरोध किया।
- नगर निगम रायपुर के निर्वाचित महापौर मीनल चौबे सहित सभी 70 पार्षदों ने शपथ ली।
- चीन ने सफलतापूर्वक सुपरव्यू उपग्रह लांच किया।

## खनिजों पर अमेरिका-यूक्रेन डील चीन को मात देने की एक सोची-समझी कोशिश

■ अंजन रॉय

24 फरवरी, 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीन साल बाद समाप्त होने वाला है। अपने दावों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ सौदे कर रहे हैं। यह सच है कि ट्रम्प ने शर्मनाक तरीके से सभी सिद्धांतों को त्याग दिया है और अपने मगा (मेकअमेरिक ग्रेट अगेन) लक्ष्यों की तलाश में रूसी राष्ट्रपति के साथ एक गुप्त समझौता किया है।

पश्चिमी देशों की प्रमुख समाचार एजंसियां अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक महत्वाकांक्षी खनिज सौदे की रिपोर्ट कर रही हैं, जो वास्तव में युद्ध के अंत की घोषणा करता है। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की शुक्रवार को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे और राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूक्रेन के साथ, ट्रम्प इस सौदे के ज़रिये अपने असंख्य प्राकृतिक संसाधनों- तेल और गैस, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी और अन्य खनिजों - को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चीन के कब्ज़े में हैं। यूक्रेन में 22 महत्वपूर्ण खनिज हैं जिन्हें अमेरिका ने रक्षा से लेकर ईवी बैटरी निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सूचीबद्ध किया है।

> **यूक्रेन के साथ, ट्रम्प इस सौदे के ज़रिये अपने असंख्य प्राकृतिक संसाधनों- तेल और गैस, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी और अन्य खनिजों - को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चीन के कब्ज़े में हैं। यूक्रेन में 22 महत्वपूर्ण खनिज हैं जिन्हें अमेरिका ने रक्षा से लेकर ईवी बैटरी निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सूचीबद्ध किया है।**

यूक्रेन में पहचाने गये कुछ संसाधन, इनमें से कम से कम 85 प्रतिशत वर्तमान में चीन में संसाधित किये जाते हैं। अगर चीन विदेशों में खरीदारों को उनकी आपूर्ति पर रोक लगाता है तो अमेरिका के लिए यह मुश्किल होगा।

इन खनिजों का मूल्य लगभग 100 बिलियन से 500 बिलियन के बीच अनुमानित है और चीन के साथ अपने विवाद में अमेरिका के लिए यह एक बड़ी राहत होनी चाहिए। इन खनिज संसाधनों तक स्वतंत्र पहुंच से अमेरिका को चीन को और अधिक आक्रामक तरीके से धमकाने में मदद मिलेगी।

यूक्रेन के साथ अमेरिकी सौदे को एक 'सुरक्षा रैकेट' कहा जाता है- रूसियों से लड़ने के लिए अब तक अमेरिका द्वारा देश को दी गयी हर 1 डॉलर की मदद के लिए 2 संसाधन दिये जा रहे हैं। संसाधन सौदे से उत्पन्न धन का उपयोग देश के पुनर्निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। इसका मतलब संयुक्त राज्य अमेरिका की निर्माण फर्मों के लिए भी व्यापार होगा।

अमेरिका और यूक्रेन द्वारा इन खनिजों का संयुक्त विकास, यूक्रेन की धरती पर, प्रभावी रूप से युद्धविराम और शत्रुता की समाप्ति का भी मतलब होगा। ऐसा लगता है कि ये सौदे बंदूक की नोंक पर किये गये थे। डोनाल्ड ट्रम्प के पास कानून के शासन और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के लिए बहुत कम सम्मान है।

इसलिए यह सौदा वस्तुत: यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों पर रूसी दावों को औपचारिक मान्यता देता है। यह रूसी राष्ट्रपति को उनके आक्रामक कृत्य के लिए एक तरह की छूट देता है। यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव में इस स्थिति की पुष्टि की गयी है जिसमें रूस को आक्रामक नहीं बताया गया है।

यह नीति का पूर्ण उलटफेर है। अमेरिका ने सभी देशों में से रूस और उत्तर कोरिया के साथ मिलकर मतदान किया है।

इसके अलावा, अमेरिका यूरोपीय संघ के देशों और उसके पारंपरिक सहयोगियों के खिलाफ मतदान कर रहा था। इसने पूरी भू-राजनीतिक तस्वीर बदल दी। रूस और अमेरिका ने यूरोपीय संघ और अन्य के खिलाफ एक साथ मतदान किया। यह पहली बार है जब अमेरिकियों और यूरोपीय लोगों ने संयुक्त राष्ट्र में विरोधी पक्षों में मतदान किया।

उल्लेखनीय रूप से, प्रस्ताव पर दो महत्वपूर्ण अनुपस्थिति रही है, इनमें से एक रूस का असीम मित्र है। चीन और ईरान ने सबसे अधिक अनुपस्थिति दिखाई है। अमेरिका और रूस की अचानक निकटता ने रूस और अमेरिका के बीच संबंध बनाने और रूस को चीनी सर्किट में मजबूती से फंसाने की चीनी कूटनीति की वर्षों की चाल को विफल कर दिया है। इस प्रकार, अमेरिका के यूक्रेन सौदे में कई अन्य देशों के साथ दोहरी डील हुई है। यह डील चीन को कई तरह से रूस से अलग-थलग कर देगी और रूस को एक तरह से अमेरिकी दायरे में लायेगी।

बेशक, चीन यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस को समर्थन दे रहा था, लेकिन रूस को चीन का जूनियर पार्टनर महसूस कराया गया। दूसरी ओर, पश्चिमी यूरोपीय देश, अर्थात् यूरोपीय संघ और ब्रिटेन अलग-थलग पड़ गये हैं। उनका पक्का दोस्त चला गया है। उन्होंने चीन के साथ तनावपूर्ण संबंध विकसित किये हैं। उनके पास सुरक्षा के लिए बहुत अधिक ताकत नहीं बची है, इसलिए वे भी रूस की दया पर निर्भर हैं। लेकिन फ्रांस ने अभी भी अपने घरेलू मैदान में अमेरिका पर कूटनीति के कुछ अंक हासिल किये हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात बीच में ही काट दी। पहली बार, संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने बढ़त हासिल की और उन्होंने कई मौकों पर ट्रंप को सही किया।

फ्रांसीसी उपशीर्षकों और बारीकियों के साथ मैक्रों ने ट्रंप को आसानी से मात दे दी, जब उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देशों ने यूक्रेन की रक्षा के लिए वास्तव में अमेरिका की तुलना में भुगतान नहीं किया। मैक्रों ने दृढ़ता से हस्तक्षेप करते हुए बताया कि यूरोपीय संघ ने यूक्रेन की रक्षा के लिए धन मुहैया कराया था: 'पैसा, असली पैसा'। ट्रंप चुप हो गये।

व्हाइट हाउस के अनुभवी संवाददाताओं ने बताया कि एक बार ट्रंप प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुप रहे, जबकि मैक्रों ने अपने दृष्टिकोण को विस्तार से बताया। व्हाइट हाउस से बाहर आने के बाद भी मैक्रों ने पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप की आलोचना की।

## निर्वासितों से दुर्व्यवहार को सामान्य न बनाएं

19 फरवरी को यूनाइटेड स्टेट्स व्हाइट हाउस ने 41 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें निर्वासितों को बेड़ियों में जकड़ा हुआ दिखाया गया है क्योंकि उन्हें अवैध अप्रवासियों को (जैसा कि उन्हें वहां 'अवैध एलियंस' के रूप में जाना जाता है) अमेरिकी क्षेत्र से निकालने के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के प्रयासों के तहत निर्वासन कार्यों के लिए एक हवाई जहाज में ले जाया जा रहा है। वीडियो में निर्वासितों या अमेरिकी अधिकारियों के चेहरे नहीं दिखाए गए थे लेकिन बाद वाले ने जो जैकेट पहनी थी जिससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि वे एनफोर्समेंट एंड रिमूवल ऑपरेशंस (ईआरओ) से थे, जो अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के प्रवर्तन और निष्कासन कार्यों का संक्षिप्त रूप है। वीडियो का उद्देश्य न केवल निर्वासितों, जिनमें से कई भारत से हैं, बल्कि उनके राष्ट्रों और उनके नागरिकों का समग्र रूप से उपहास उड़ाना और उन्हें शर्मिंदा व अपमानित करना था।

वीडियो का चौंकाने वाला शीर्षक था- 'एएसएमआर: अवैध विदेशी निर्वासन उड़ान' और एलोन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसे 100 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। वीडियो में एएसएमआर (ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पांस) का तात्पर्य स्टील की जंजीरों की झुनझुनी ध्वनि से है जब उन्हें टरमैक पर बिछाया जाता है क्योंकि कैदी आगे बढ़ते हैं और एक-एक करके उन्हें जंजीरों में जकड़ा जाता है। एएसएमआर रीढ़ की हड्डी में महसूस होने वाली संतुष्टि और सुखद झुनझुनी की भावना है, जो कुछ लोगों में कुछ ध्वनियों से ट्रिगर होती है, जैसे टिशू पेपर का कुचलना या बबल रैप का फटना। स्टील की बेड़ियों के बिछाए जाने की आवाज वह झुनझुनी है जिसे वे पसंद करते हैं। मस्क ने वीडियो को 'हाहा... वाह' शब्दों के साथ रीट्वीट किया।



लेखा रत्तनानी

> **छोटे देशों ने बेहतर काम किया है। वे एक अच्छी प्रतिक्रिया के उदाहरण के रूप में सामने आते हैं। कोलंबिया, ब्राजील और मैक्सिको ने अपने देशों में वापस भेजे गए निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार को स्पष्ट रूप से सामने लाया है। दो दक्षिण अमेरिकी देशों और मैक्सिको की गुस्से भरी प्रतिक्रियाएं एक अच्छी और संतुलित प्रतिक्रिया का एक शानदार उदाहरण हैं।**

निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार सिर्फ़ उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में ही नहीं है। अमेरिकियों के दिमाग में 'एलियंस' की गहरी पैठ है, जिसमें कई परतें काम कर रही हैं, जैसे कि श्वेत वर्चस्व, गरीबी का अपराधीकरण और या दुर्व्यवहार का सामान्यीकरण। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट से ऐसा वीडियो जारी करने और उनके सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट द्वारा इसे रीट्वीट करने पर हंसने के लिए दिमाग में कुछ गड़बड़ जरूर है। सभी देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे निर्वासितों को वापस लौटाएं और अमेरिका को यह बताएं कि निर्वासन ठीक है लेकिन इंसानों के साथ दुर्व्यवहार करना, जिनमें से ज़्यादातर समाज के गरीब तबके के हैं और जो आजीविका की तलाश में हैं, ऐसी नौकरियां लेना जो इन इच्छुक श्रमिकों की उपलब्धता के बिना भी उपलब्ध हैं, एक फासीवादी शासन के करीब है जो अन्य मनुष्यों को मनुष्य से कमतर समझता है।

निर्वासन के लिए लक्षित देशों में सबसे बड़ा, सबसे मजबूत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में भारत को यह विरोध अवश्य व्यक्त करना चाहिए। इसमें भारत स्पष्ट रूप से, बड़े पैमाने पर और बुरी तरह विफल रहा है। इसकी जगह हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो अमेरिका की कार्रवाइयों को उचित ठहराता है। क्या यह पूर्व विदेश सेवा के राजनयिक से राजनेता बने डॉ. एस जयशंकर नहीं थे जिन्होंने 6 फरवरी को एक बयान में कहा था- 'आईसीई द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमान द्वारा निर्वासन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, जो 2012 से प्रभावी है, मैं दोहराता हूं, जो 2012 से प्रभावी है, प्रतिबंधों के उपयोग का प्रावधान करती है। हालांकि, हमें आईसीई द्वारा सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को नहीं रोका जाता है। इसके अलावा भोजन या अन्य आवश्यकताओं से संबंधित पारगमन के दौरान निर्वासित लोगों की जरूरतों का ध्यान रखा जाता है, जिनमें संभावित चिकित्सा व आपात स्थिति भी शामिल है। मैं दोहराता हूं कि 5 फरवरी को अमेरिका द्वारा की जाने वाली उड़ान के लिए पिछली प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।'

जयशंकर यह कहने में अधिक उत्सुक हैं कि हमने अपने कार्यकाल के दौरान कुछ नहीं किया। भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के बाद उनके द्वारा किए गए बेतुके, पूरी तरह से बेतुके, बदसूरत, बेशर्म और खुद को चोट पहुंचाने वाले हैं। पहले और बाद के बीच कृत्रिम विभाजन को देखिए! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को डॉ. जयशंकर को फटकार लगानी चाहिए, अगर नहीं तो पदावनत करना चाहिए क्योंकि उन्होंने इस महत्वपूर्ण मामले में देश को नीचा दिखाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राजनीतिक स्पेक्ट्रम के अन्य संगठनों को जयशंकर के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

छोटे देशों ने बेहतर काम किया है। वे एक अच्छी प्रतिक्रिया के उदाहरण के रूप में सामने आते हैं। कोलंबिया, ब्राजील और मैक्सिको ने अपने देशों में वापस भेजे गए निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार को स्पष्ट रूप से सामने लाया है। दो दक्षिण अमेरिकी देशों और मैक्सिको की गुस्से भरी प्रतिक्रियाएं एक अच्छी और संतुलित प्रतिक्रिया का एक शानदार उदाहरण हैं। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की एक वाणिज्यिक उड़ान पर कोलंबियाई निर्वासितों को संबोधित करते हुए तस्वीरें हैं, जब उन्होंने निर्वासितों को ले जा रहे अमेरिकी सैन्य कार्गो विमान को अनुमति देने से इनकार कर दिया तो वे सबसे पहले आवाज उठाने वालों में से एक थे। पेट्रो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा था, 'मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश देने से इनकार करता हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका को प्रवासियों को प्राप्त करने से पहले उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करना चाहिए।' कोलंबिया ने निर्वासितों को वापस लाने के लिए अपने देश के विमान भेजे और पेड्रो ने अपने लोगों को सम्मान के साथ वापस भेजने के लिए राष्ट्रपति के विमान की भी पेशकश की। यह भारतीय प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत है।

निर्वासित लोगों के तीन बैचों को हथकड़ियां और पैरों में जंजीरें डालकर अमेरिकी सैन्य कार्गो विमान की घुटन भरी उड़ान द्वारा भारत वापस लाया गया है। 23 फरवरी को भारतीय निर्वासितों का चौथा और नवीनतम बैच दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। अमेरिकी सैन्य कार्गो विमानों में हथकड़ी और जंजीरों में बंधे पहले के समूहों के विपरीत 12 लोगों का यह जत्था पनामा से एक वाणिज्यिक उड़ान से वापस आया। वे बेड़ियां खोले हुए थे और उनके पैरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे हुए थे लेकिन निर्वासितों ने तिजुआना शिविर में यातना और कठिनाई के बारे में बताया, जहां उन्हें वाणिज्यिक उड़ान से पनामा के लिए रवाना होने से पहले घंटों तक अत्यधिक ठंड में फर्श पर बैठाया गया था। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और ब्राजील जैसे देशों ने अपने लोगों के साथ इस तरह के व्यवहार की निंदा की है जबकि भारत चुप रहा है। इससे उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वह निर्वासित नागरिकों के साथ 'अपमानजनक व्यवहार' के बारे में वाशिंगटन से जवाब मांग रहा है। ब्राजील सरकार ने कहा कि वह निर्वासित प्रवासियों के लिए एक स्वागत केंद्र बनाएगी।

इनमें से कोई भी देश अमेरिका की ताकत के आसपास भी नहीं है, फिर भी उन्होंने यह कहकर अपनी बात रखी है- आप हमारे लोगों के साथ बुरा व्यवहार नहीं कर सकते। अगर आप ऐसा करेंगे तो हम चुप नहीं रहेंगे। भारत इससे कुछ सबक सीख सकता है।

सर्वाधिक दुखद तो यह है कि प्रारंभिक जत्थों के बाद मोदी ने अमेरिका का दौरा किया जहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर उनसे बात तक नहीं की, विरोध जतलाना तो दूर की बात है।

**(लेखक द बिलियन प्रेस के प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# खेल जगत

## कोहली की फॉर्म ने भारत की पहले से मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को और मजबूती दी: रायुडू



**वडोदरा।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली की फॉर्म में वापसी ने उनकी पहले से मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को और मजबूती दे दी है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारत ग्रुप ए में बांग्लादेश और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लगातार जीत हासिल करने के बाद आठ टीमों के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विजयी शतक लगाया और अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन का योगदान दिया। इस बीच, शुभमन गिल शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेलने से पहले बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 147 रन बनाए हैं। रायुडू ने शुक्रवार को आईएएनएस से कहा कि मुझे लगता है कि भारत की मुख्य ताकत टीम का समग्र संतुलन है।

# भारतीय हॉकी टीम पहुंची तीसरे स्थान पर : फुल्टन

■ मेकॉन के साथ हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले स्ट्राइकरों के साथ और सत्र आयोजित करने की उम्मीद



एफआईएच प्रो लीग 2024 -25

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम भुवनेश्वर मे एफआईएच प्रो लीग 2024 -25 के घरेलू चरण में अपने आठ में से पांच मैच जीत 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भारत की इस बढ़िया प्रदर्शन में प्रो लीग में उसके स्ट्राइकरों के लिए ऑस्ट्रेलिया की 2004 के एथेंस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और 2005 की चेन्नै में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के सदस्य रहे माइकल मेकॉन के मार्गदर्शन में 6 से 12 फरवरी यानी एक हफ्ते के शिविर का अहम योगदान रहा। मेकॉन बीते आठ बरस से जर्मनी की अंडर 21 और सीनियर टीम के स्ट्राइकरों का डी के भीतर के कौशल गोल करने का कौशल सुधारने के लिए काम लिए मार्गदर्शक के रूप में जुटे है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम फिलहाल ब्रेक पर है और नई दिल्ली में हॉकी इंडिया सालाना अवॉर्ड के बाद मध्य मार्च में फिर इकट्ठा होगी। भारत की पुरुष हॉकी टीम को इस साल एशिया कप और अगले साल 2026 मध्य अगस्त में बेल्जियम व नीदरलैंड में विश्व कप और सितंबर -अक्टूबर में एशियाई खेलों में शिरकत करनी है। भारत की पुरुष हॉकी टीम के लिए 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना बेहद अहम है। पुरुष हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों से अहम टूर्नामेंट के लिए मैकान जैसे स्ट्राइकरों के विशेषज्ञ की सेवाएं लेने को अहम बताते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग में अपना अभियान शुरू करने से पहले माइकल मेकॉन को अपने स्ट्राइकरों के मार्गदर्शन के लिए भारतीय टीम के साथ एक हफ्ते के स्ट्राइकरों के शिविर के लिए जोड़ना बहुत अच्छा था। मेकॉन को एक हफ्ते के स्ट्राइकर शिविर के लिए जोड़ने से टीम के खासतौर पर नौजवान स्ट्राइकरों को मदद मिली।

### मेकॉन ने डी के भीतर निशानेबाजी बेहतर करने की बाबत बताया : मनदीप सिंह

मेकॉन के साथ स्ट्राइकरों के एक हफ्ते के शिविर की बाबत भारत के अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने कहा, 'माइकल मेकॉन के साथ एक हफ्ते का स्ट्राइकरों के लिए शिविर बहुत अच्छा रहा। मेकॉन की मैदान पर स्ट्राइकरों से संबद्ध बेहतरीन जानकारी है बल्कि उन्होंने मैदान के बाहर उनके साथ बैठके भी बहुत ज्ञानवर्धक रहीं, जहां उन्होंने खास क्षेत्रों की बाबत हमें बहुत सी छोटी क्लीन दिखा बतौर स्ट्राइकर हमारा ज्ञानवर्द्धन किया। मैंने खास तौर पर उनकी डी के भीतर और गोल से दो फुट से शॉट लगाने की मूल बातों का पूरा लुत्फ उठाया। मेकॉन ने खासतौर पर हम स्ट्राइकरों डी के भीतर निशानेबाजी बेहतर करने की बाबत बताया। मेकॉन ने हमें बताया कि डी के भीतर नौ गज से दो टच से गोल करने की रोचक कला की बाबत बताया और उन्होंने हमें इसमें पारंगत करने में मदद की। मेकॉन ने हमें छोटी छोटी बातें मसलन गेंद को स्टिक पर लेते समय शरीर का कोण और डी में प्रतिद्वंद्वी टीम के रक्षकों को छकाने गेंद को पास देने का छलावा करने जैसी बातें बताई और उनसे ये सब सीखने में बहुत मजा आया।

# गोवा चैलेंजर्स अल्टीमेट टेबल टेनिस में खिताबी हैट्रिक लगाने उतरेगी

■ यूटीटी का छठा सीजन 29 मई से अहमदाबाद में होगा

■ आठ टीमें खिताब पर कब्जा जमाने के मकसद से उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (देशबन्धु)। भारत की प्रमुख टेबल टेनिस लीग-अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सीजन इस साल 29 मई से 15 जून तक होगा। इस सीजन की खास बात यह है कि अहमदाबाद यूटीटी पहली मेजबानी करेगा। यूटीटी के हर सीजन के साथ शीर्ष टेबल टेनिस के देश और दुनिया के धुरंधर अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस सितारों की मिली जुली आठ टीमें यूटीटी में खिताब की होड़ में होगी। मौजूदा चैंपियन गोवा चैलेंजर्स यूटीटी में ऐतिहासिक तीसरा खिताब जीतने की पुरजोर कोशिश करेगी। गोवा चैलेंजर्स ने पिछले संस्करण में दबंग दिल्ली टीटीसी को हरा खिताब पर कब्जा बरकरार रखा और अब यूटीटी 6 में उसका लक्ष्य खिताबी हैट्रिक पूरा करना है। अहमदाबाद भारतीय खेल व्यवस्था के एक अहम हिस्से के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अहमदाबाद विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और 2030 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों जैसे प्रमुख आयोजनों की मेजबानी करने के मद्देनजर से कई खेलों का केंद्र बन रहा है। अहमदाबाद यूटीटी सीजन 6 के लिए पलक पांवड़े बिछाए इसके आयोजन को तैयार है। ऐसे में टेबल टेनिस के मुरीदों को यूटीटी में एक प्रमुख ओलंपिक खेल को करीब से देखने का रोचक मौका मिलेगा। यूटीटी में में शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों के बीच रोचक मुकाबलों का मंच अब सज चुका है। भारतीय टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रमोटेड यूटीटी ने 2017 से भारतीय टेबल टेनिस में क्रांति ला दी है, जिसमें उभरते खिलाड़ियों के साथ-साथ विश्व स्तरीय प्रतिभाओं को शामिल किया गया है, जिससे खेल की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ी है। यूटीटी के को-प्रमोटर नीरज बजाज और वीटा दानी ने टेबल टेनिस की पहुंच बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की बाबत एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यूटीटी के जरिए हमारा लक्ष्य टेबल टेनिस को नए स्थानों पर ले जाना और भारत में इसके लिए बड़ा दर्शक वर्ग तैयार करना है। अहमदाबाद और गुजरात तेजी से ओलंपिक खेलों के लिए मजबूत केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। भविष्य में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की बोली के साथ इस स्थान का महत्व बढ़ गया है।

# गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है : धवन



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को लगता है कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है। युवा खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में है। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद शतक के साथ आठ टीमों के तमाशे की शुरुआत की, जबकि चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 रनों की पारी खेली। दो मैचों में 147 रन के साथ, वह विराट कोहली (122 रन) से आगे भारत के लिए शीर्ष स्कोरर हैं। धवन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि मुझे शुभमन गिल की बल्लेबाजी बहुत पसंद है, यह बहुत ही शानदार है और उनकी बल्लेबाजी में शान है। और निरंतरता है; यह देखकर अच्छा लगता है कि उनमें इतना पेशेवरपन है। युवा लड़के हैं, वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाना जानते हैं और लगातार रन बना रहे हैं। रोहित को युवाओं के साथ खेलना अच्छा लगता है और वह अपने कई सालों के अनुभव को उनके साथ साझा करते होंगे। मुझे यकीन है कि वह उनकी पीठ थपथपाते होंगे और उन्हें बताते होंगे कि किसी भी परिस्थिति में कैसे खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी के बावजूद धवन ने कहा कि उनकी कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि हर्षित राणा के लिए वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने का यह बड़ा मौका है। राणा ने टूर्नामेंट में अब तक चार विकेट चटकाए हैं। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह बहुत बड़ा नाम है, बहुत बड़ा गेंदबाज है।

# इंग्लैंड पर 27 साल बाद चैम्पियंस ट्रॉफी में एक भी मैच न जीतने का खतरा

**कराची,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हाथों 8 रन से मिली हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुके इंग्लैंड को अब चैंपियंस ट्रॉफी का एक अनचाहा रिकॉर्ड डरा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को इंग्लैंड की नजर होगी जीत के साथ प्रतियोगिता से विदाई लेने की। इंग्लैंड अब तक दो मैचों में दो हार झेल चुका है यानी एक और हारते हैं तो बिना जीत के सफर होगा समाप्त। ऐसा होता है तो इंग्लैंड के इतिहास में ये सिर्फ दूसरी बार होगा जब चैंपियंस ट्रॉफी के किसी एक संस्करण में इंग्लैंड को एक भी जीत नसीब नहीं होगी। इससे पहले 1998 में खेली गई पहली चैंपियंस ट्रॉफी में ऐसा हुआ था, लेकिन तब टूर्नामेंट का फॉर्मेट नॉक-आउट था और इंग्लैंड एक हार के साथ बाहर हो गए थे। आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों के बीच रोमांचक




■ इंग्लैंड अब तक दो मैचों में दो हार झेल चुका है यानी एक और हारते हैं तो बिना जीत के सफर होगा समाप्त

**टक्कर:** इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका अब तक 12 बार आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में आमने-सामने आ चुके हैं। जिसमें छह बार जीत का सेहरा इंग्लैंड के सिर बंधा है तो इतने ही बार दक्षिण अफ्रीका ने भी जीत हासिल की है। अगर सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी की बात करें तो यहां भी दोनों टीमों का हिसाब बराबर ही है। चार बार इन दोनों देशों के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में मुक़ाबले हुए हैं, जहां दो बार इंग्लैंड ने जीता है तो दो बार दक्षिण अफ्रीका विजेता रहा है। हालांकि आखिरी बार जब इन दोनों की वनडे विश्व कप 2023 में मुंबई में भिड़ंत हुई थी तो वहां दक्षिण अफ्रीका ने 229 रन से इंग्लैंड को शिकस्त दी थी। एक और चीज जो इस मैच को खास बनाती है वह ये है कि ग्रुप बी कौन टॉप करेगा। अगर दक्षिण अफ्रीका जीत जाता है तो वह ग्रुप बी के टेबल टपर रहेंगे, ये देखना इसलिए भी दिलचस्प होगा क्योंकि भारत का सामना ग्रुप बी में दूसरे नंबर पर रहने वाले से होगा।

**कराची की पिच का पेंच:** कराची की पिच अब तक अच्छी स्पोर्टिंग विकेट रही है, जहां बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों के लिए भी मदद रहती है। हालांकि शाम के बाद शबनम की वजह से बल्लेबाजी आसान हो जाती है।

# कप्तान सचिन बेबी शतक से चूके, बढ़त लेने से चूका केरल

**नागपुर,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ के खिलाफ केरल की टीम 342 रन पर आउट हो गई। विदर्भ के गेंदबाज अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा, जिससे वे पहली पारी में 37 रनों की बढ़त बनाने में कामयाब रहे। केरल के कप्तान सचिन बेबी शतक से चूक गए और 235 गेंदों में 98 रन बनाकर आउट हो गए। इस बीच, दर्शन नालकंडे, हर्ष दुबे और पार्थ रेखाड़े ने वीसीए स्टेडियम में विदर्भ के लिए तीन-तीन विकेट लिए। विदर्भ के 379 रनों के जवाब में केरल ने तीसरे दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 131 रनों के साथ की थी, वे अभी भी 248 रन पीछे थे। केरल की ओर से आदित्य सरवटे 66 रन बनाकर नाबाद थे और उनका साथ देने के लिए सचिन तैनात थे। लेकिन सरवटे को दुबे ने 79 रनों के स्कोर पर आउट कर दिया। उन्होंने 185 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके लगाए। इसी के साथ दोनों के बीच 63 रनों की साझेदारी टूट गई। इस बीच दूसरे छोर पर खड़े कप्तान सचिन ने सलमान निजार, मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ कुछ अहम साझेदारी की लेकिन सचिन जब 98 रनों के अहम स्कोर पर थे तब उनको पार्थ रेखाड़े ने उन्हें अपना शिकार बना लिया। इसके बाद जलज सक्सेना ने बची कोशिश जरूर की लेकिन वह भी जब 28 रनों के स्कोर पर आउट हुए तो केरल की पहली पारी में बढ़त लेने की उम्मीद टूट गई।

## सार संक्षेप

### हिन्दुस्तान और नेशनल यूनाइटेड की आकर्षक जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट क्लब ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय वायु सेना को 3-2 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए।आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए कांटे के मुकाबले में विजेता के लिए युमनाम गोपी सिंह ने दो शानदार गोल जमाए। एक गोल विल्बर्ट मेते ने किया। वहीं पराजित वायुसेना के गोल मनदीप सिंह और समुएल वंकल्पेका ने किए द्य दिन के दूसरे मुकाबले में हिंदुस्तान ने एक और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तरुणसंघा को प्लेयर ऑफ द मैच के लालरोशंगा के गोल से 1-0 से हराया। एक अन्य मुकाबले में नेशनल और हिंदुस्तान ने पिछले कुछ प्रदर्शनों को भुला कर जीत का सिलसिला बनाए रखा है। पिछले मुकाबले में हिन्दुस्तान ने पिछली विजेता गढ़वाल हीरोज पर शानदार जीत दर्ज की और आज तरुणसंघा को भी पीट कर वाह वाह लूटी। नेशनल की जीत का हीरो एक बार फिर गोपी सिंह रहे।

### पहली बार घर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को तैयार यूपी वॉरियर्स

**लखनऊ।** वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा संस्करण में अब तक औसत प्रदर्शन कर चुकी यूपी वारियर्स अपने घरेलू मैदान में खेले जाने वाले तीन मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को कमर कस चुकी है। हालांकि यह पहला मौका है जब वारियर्स को इकाना स्टेडियम की पिच को समझने का मौका मिलेगा। वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा उत्तर प्रदेश से ही हैं। कप्तान और कोच जॉन लुईस का एजेंडा फिलहाल टीम को यहां के परिवेश के अनुकूल ढालना है, ताकि लीग के तीसरे संस्करण के प्लेऑफ़ की राह में यथासंभव कम बाधाएँ हों। कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वॉरियर्स तीन मार्च को गुजरात जायंट्स का सामना करेगी जिसके बाद उसका मुकाबला छह माच को मुबंई इंडियंस और आठ मार्च को गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। टीम के अब तक प्रदर्शन पर निगाह डालें तो वारियर्स ने पांच में से दो मैचों में जीत हासिल की है जबकि तीन में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है।

# डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस नामांकन रद्द

**पेरिस,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है। यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी 'विपरीत परिस्थितियों' के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक



निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और-यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं-हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने तीन महीने के प्रतिबंध को मानते हुए स्वीकार किया कि हालांकि उन्होंने जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ का उपयोग नहीं किया और अपने प्रदर्शन में इससे कोई लाभ नहीं उठाया, एथलीट अंततः अपने सहायक कर्मियों के कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं। वाडा ने तीन महीने के निलंबन को उचित मंजूरी माना। जनवरी में 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को 9 फरवरी से 4 मई तक तीन महीने का प्रतिबंध झेलना होगा, चार दिन पहले ही अंतिम निलंबन के तहत काटे जा चुके हैं, और उन्हें 13 अप्रैल से प्रशिक्षण पर लौटने की अनुमति दी जाएगी। 4 मई को उनकी वापसी उन्हें रौलां गैरो में सीजन के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भाग लेने की अनुमति देगी, जो 19 मई से 8 जून तक पेरिस, फ्रांस में होने वाले फ्रेंच ओपन का स्थल है। 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के लिए नामांकितों की सूची 3 मार्च को घोषित की जाएगी।

# गुजरात जायंट्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

■ स्टेडियम में बैठे 28,000 आरसीबी प्रशंसकों का शोर अप्रत्याशित जीत की उम्मीद में गूंज रहा था

**बेंगलुरु,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात जायंट्स की कप्तान एश्ले गार्डनर की 31 गेंदों पर 58 रनों की पारी के दम पर गुजरात जायंट्स ने गुरुवार को यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 12वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 21 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात जायंट्स ने अपने कप्तान के शानदार अर्द्धशतक और फोबे लिचफील्ड के नाबाद 30 रनों की बदौलत 16.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 126 रन बनाकर सीजन की अपनी दूसरी जीत हासिल की। गत विजेता आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर-प्ले में खराब प्रदर्शन किया। कम स्कोर का टोटल बचाने उतरी आरसीबी ने फील्ड में भी लापरवाही



डब्ल्यूपीएल 2025

बरती, लिचफील्ड के कैच छोड़े जो उन्हें आगे महंगे पड़े।

126 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स को बेथ मूनी (17) और दयालन हेमलता (11) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। लेकिन पावर-प्ले के दौरान गुजरात ने आठ गेंदों के भीतर दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया। सातवें ओवर में गुजरात जायंट्स का स्कोर 32/2 था। स्टेडियम में बैठे 28,000 आरसीबी प्रशंसकों का शोर अप्रत्याशित जीत की उम्मीद में गूंज रहा था। लेकिन गार्डनर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों में डब्ल्यूपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक जमाया। उन्होंने हरलीन देओल, लिचफील्ड के साथ अच्छी साझेदारी की। इसकी बदौलत टीम जीत की ओर अग्रसर हुई। गार्डनर ने पारी की शुरुआत में पहली गेंद पर ही शानदार कवर ड्राइव लगाकर चौका बटोरा। उन्होंने अपनी शानदारी पारी से गुजरात के पक्ष में चीजें बदल दीं। गार्डनर ने वेयरहैम की गेंद पर लगातार दो छक्के लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। गुजरात ने आरसीबी के खिलाफ शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन भी किया। गुजरात के लिए डिएंड्रा डॉटिन ने 31 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जबकि तनुजा कंवर ने अपने चार ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जिससे गुजरात जायंट्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए आरसीबी को 125 रन पर रोक दिया। दो हार के बाद जीत की तलाश कर रही आरसीबी की शुरुआत खराब रही और पावर-प्ले में उनका स्कोर 26 रन पर तीन विकेट था।

# गेल, बेन ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को दूसरी जीत दिलाई

**नवी मुंबई,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिस गेल, ड्वेन स्मिथ, सुलेमान बेन और रवि रामपाल ने समय को पीछे मोड़ दिया, क्योंकि वेस्टइंडीज मास्टर्स ने गुरुवार रात को यहां उद्घाटन इंटरनेशनल

■ क्रिस गेल और ड्वेन स्मिथ ने कैरेबियाई प्रतिभा को फिर से जगाया

मास्टर्स लीग (आईएमएल) में इंग्लैंड मास्टर्स को आठ रन से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। डीवाई पाटिल स्टेडियम में पुरानी यादें ताजा हो गईं, जब वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी उद्घाटन आईएमएल के पांचवें मैच के लिए फ्लडलाइट में एकत्र हुए, जिसमें वेस्टइंडीज मास्टर्स ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। क्रिस






गेल और ड्वेन स्मिथ ने कैरेबियाई प्रतिभा को फिर से जगाया, एक निडर आक्रमण की शुरुआत की, जिसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद सिर्फ सात ओवर में 77 रनों की धमाकेदार ओपनिंग साझेदारी करने में मदद की। ब्रायन लारा की जगह वेस्टइंडीज मास्टर्स के कप्तान बने गेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों पर 39 रन बनाए, जबकि स्मिथ ने अपने बाएं हाथ के साथी के साथ शॉट दर शॉट खेलते हुए 25 गेंदों पर 35 रन बनाए। गेल ने ज्यादातर बाउंड्री लगाई और गेंदबाजों को चार बड़े छक्के और तीन चौके लगाए, जबकि स्मिथ ने चार चौके और दो छक्के जड़े। लेकिन जैसे ही विंडीज अजेय लग रही थी, इंग्लिश स्पिनरों ने ब्रेक लगा दिया और कुछ ही समय में शीर्ष पांच विकेट चटका लिए। लेग स्पिनर क्रिस स्कोफील्ड ने तेजी से आगे बढ़ते हुए तीन गेंदों के अंतराल में शुरुआती साझेदारी को तोड़कर खेल को बराबरी पर ला दिया। बाएं हाथ के स्पिनर मोंटी पनेसर ने इसके बाद लगातार तीन विकेट झटके जिससे वेस्टइंडीज की स्कोरिंग दर और कम हो गई, क्योंकि कैरेबियाई टीम, जिसने 10 ओवर में 2 विकेट पर 90 रन बनाए थे, 15 ओवर में 5 विकेट पर 113 रन पर सिमट गई।

हालांकि, देवनारायण और एश्ले नर्स के आने से गति बदल गई क्योंकि दोनों ने कई आकर्षक स्ट्रोक के साथ विपक्षी टीम पर आक्रमण को वापस ले लिया और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने छठे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी करके पारी को अंतिम समय में गति प्रदान की। देवनारायण ने तीन छक्के लगाकर 23 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाए जबकि नर्स ने दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर 13 गेंदों में 29 रन बनाए, जिससे पारी 179/6 पर पहुंच गई। जवाब में, सलामी बल्लेबाज फिल मस्टर्ड की 19 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन की बेहतरीन पारी और कप्तान इयोन मोर्गन की 13 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन की पारी के बाद इंग्लैंड की टीम लय हासिल नहीं कर पाई। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने न केवल रनों के प्रवाह को रोकने का अनुशासित प्रयास किया, बल्कि नियमित अंतराल पर विकेट भी चटकाए, जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी पहले 10 ओवरों में 76/5 पर लड़खड़ा गई।

# इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ने जीता अंतर कॉलेज महिला हॉकी खिताब

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज द्वारा आयोजित फाइनल में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज (जेडीएमसी) पर 4-0 की शानदार जीत के साथ अंतर कॉलेज महिला हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता। चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए विजेता टीम ने मैदान पर पूरा दबदबा बनाया। उनकी विजय यात्रा में उनके सभी मैचों में निर्णायक जीत शामिल है: विवेकानंद कॉलेज के खिलाफ 2-0 की शुरुआती जीत, मैत्री कॉलेज पर 6-0 की शानदार जीत, और मेजबान एसपीएम कॉलेज के खिलाफ 1-0 का कड़ा सेमीफाइनल जीता। सोमवती, हेमा, पिंकी और आंचल ने एक-एक गोल किया, और आक्रामक आक्रमण और मजबूत रक्षा के मिश्रण से टीम की जीत पक्की कर दी। विशेष प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से खिलाड़ियों के साथ प्रोफेसर सरिता त्यागी के समर्पित प्रयासों ने उनके तकनीकी कौशल और मानसिक



लचीलेपन को काफी बढ़ाया, जिसने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम की प्रभावशाली उपलब्धि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रोफेसर संदीप तिवारी (प्रिंसिपल), वरिष्ठ प्रोफेसर बिनय कुमार (अध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी) और वरिष्ठ प्रोफेसर सुभो मजूमदार (कोषाध्यक्ष, गवर्निंग बॉडी) के निरंतर समर्थन से संभव हुई। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे संस्थान को बहुत गर्व हुआ।

## सार समाचार

### दिग्विजय के जन्म दिन पर गरीबों को कराया भोजन



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस प्रतिवर्ष के भांती इस वर्ष भी विनोद सेन मित्र मंडल द्वारा सहयोग संस्था सिरोंज में नर सेवा नारायण सेवा के रूप में मनाया कर गरीबों असाहजनों को भोजन कारकर मनाया गया इस अवसर पर कांग्रेस नेता सादिक कुरेशी, वरुण सेन,समीर कुरेशी, अमित शर्मा, रितिक बघेल, आशीष सेन,नीतेश मीना,अनुज सेन, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### यादव को भातृ शोक

**सिरोंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रमेश यादव के बड़े भाई छोटेलाल यादव का आज निधन हो गया। सी यादव अपने पीछे भरा पूरा परिवार हो गए हैं। आज उनके गृह निवास है श्री छोटेलाल की अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें नगर के कई



नागरिक शामिल हुए वाशी यादव को श्रद्धांजलि दी। विधायक उमाकांत शर्मा व नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा ने श्री यादव की निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। श्री यादव के निधन पर काशी घाट शांति स्थल पर लोकसभा का आयोजन किया गया।

### इतवार के दिन होगा पहला रोज़ा

**सिरोंज, देशबन्धु।** मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान आज शाम शनिवार से शुरू होने जा रहा है। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि शनिवार की शाम को चांद दिखते ही रमजान का महीना शुरू हो जाएगा। इतवार के दिन पहला रोज़ा होगा। डॉक्टर वसीम ने बताया शहर की लगभग 70 मस्जिदों मे तरावीह का इंतेज़ाम रहता है। जो पूरे एक माह चलती हे सभी मस्जिदों मै कमेटी के सदस्य अपने अपने हिसाब से तरावीह का इंतेज़ाम करते हैं। सिरोंज मे सबसे पहले आठ रोज मे क़ुरआन पाक मस्जिद काज़ियांन, पूरा किया जायेगा। उसके बाद पूरे महीने हर दिन एक के बाद एक मस्जिदों मे क़ुरआन पाक पूरा किया जायेगा। शहर की जामा मस्जिद मे 23 वी तरावीह को क़ुरआन पाक पूरा किया जायेगा।जामा मस्जिद इमाम नूर उद्दीन सके बेटे मौलाना मतीन तरावीह पढ़ाएंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 25 की तैयारी

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर की समीक्षा बैठक

**सिरोंज, देशबन्धु।** कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 25 की तैयारी एवं स्कूल परीक्षाओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू सफाई मित्र एवं समस्त दरोगा व वार्ड प्रभारीयों के बीच संपन्न हुई बैठक का उद्देश्य 2025 के स्वच्छता सर्वेक्षण एवं स्कूल परीक्षाओं को लेकर हुई बैठक में समस्त को जानकारी देते हुए अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा स्वच्छता से संबंधित जानकारी एवं कार्य प्रणाली पर चर्चा की वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्वछता फीडबैक एवं स्वच्छता में नगर को प्रथम स्थान पर लाने वार्ड प्रभारीयो ब दरोगाहों को उचित मार्गदर्शन देते हुए



वर्तमान में चल रही स्कूल की परीक्षाओं को मध्य नजर रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल को विस्तार से समझाया उन्होंने कहा कि सफाई मित्र द्वारा यदि सफाई के दौरान यदि स्कूल परीक्षा देने जाते हुए बच्चे या स्कूल की बैन दिखाई दे तो सफाई कर्मी कुछ देर रुक जाएं जिससे उनकी गणवेश खराब ना हों साथ ही उन्हें विक्ट्री का साइन दिखाकर प्रोत्साहन करें वहीं मैजिक चालकों को निर्देश दिए की स्कूल जाते समय स्कूल की कोई बैन या मोटरसाइकिल पर स्कूल जाते हुए बच्चे दिखाई दे तो तत्काल उन्हें रास्ता दें ताकि उनकी परीक्षा में विलंब न हो बैठक का आभार व्यक्त करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री मनोज साईनाथ द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी की बात को समर्थन देते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्तम कार्य करने वाले कर्मचारियों को 26 जनवरी पर प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करने की बात के साथ आभार वक्त किया।

## गिरिराज उत्सव प्रिया मंडल द्वारा होली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गिरिराज उत्सव प्रिया मंडल द्वारा होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इस उत्सव मंडल में लगभग 60 सदस्य हैं। जिसमें से लगभग 45 सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहें। यह कार्यक्रम श्रीमती रानी शर्मा एवं श्रीमती सुनीता भावसार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसके पश्चात धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई। और इसके बाद एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली महोत्सव का कार्यक्रम गीतों भजनों के साथ काफी समय तक चलता रहा। सभी सखियों ने एक दूसरे को एवं अपने से बड़ी सखियों को गुलाल लगाकर धोक देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों को ठंडाई शरबत एवं स्वल्पाहार कराकर उपहार भेंट किए गए।

## फाल्गुन में टेसू के फूलों की बहार, अभी होली तक गर्मी से राहत

**सिलवानी, देशबन्धु।** फाल्गुन माह में पेड़ों पर खिले टेसू के फूलों की बहार दिखने लगी है। टेसू के फूल होली पर्व नजदीक आने का संदेश दे रहे हैं। क्षेत्र में इन दिनों पलाश के पेड़ों पर फूल लोगों को खूब लुभा रहे हैं। होली का त्योहार हो और सिंदूरी लाल पलाश या टेसू के फूल का जिक्र नहीं हो, ऐसा संभव नहीं। रंगों के इस मौसम होली तक अब बढ़ती गर्मी से भी राहत मिलेगी। मौसम के जानकारों के अनुसार 15 मार्च तक तापमान में वृद्धि होगी, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला चलता रहेगा। 15 मार्च के बाद अधिकतम तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस माह में शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु की ओर परिवर्तन होता है। इस माह गर्मी और बारिश का अहसास साथ-साथ हो सकता है। दरअसल इस माह में तापमान लगातार बढ़ता जाता है। सतही हवा



आमतौर पर हल्की और दिशा परिवर्तनशील होती है। उत्तर भारत से होकर निकलने वाले पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आकाश में बादलों का डेरा भी हो जाता है। सेमल के पेड़ों पर खिले टेसू के फूलों की बहार दिखने लगी तो दूसरी ओर आम के पेड़ों पर आई बौर।

## रमजान : सफाई व विद्युत व्यवस्था सुचारु रखने की मांग

**सिरोंज, देशबन्धु।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार एवं नगर अध्यक्ष वाहिद खान गोरी नेतृत्व में मुस्लिम समाज जनों द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर अनविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को आवेदन पत्र सौंप कर अवगत कराया गया है कि दिनांक 28/2/2025 को शुक्रवार की शाम अगर चांद दिखता है तो आज शाम से ही रमजान माह मुबारक शुरू हो जाएंगे और शाम से ही मस्जिदों में विशेष नमाज (तराबी) होगी और अगले दिन से मुस्लिम धर्मावलंबियों के रोज़े शुरू हो जाएंगे एक माह तक चलेंगे तथा उसके बाद ईद का त्यौहार मनाया



जाएगा। ईद से एक दिन पूर्व ईदगाह एवं नगर की जिन मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी वहां पर विशेष रूप से पुलिस बल एवं साफ सफाई पानी एवं विद्युत व्यवस्था की जाए। रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है इस दौरान रात्रि में विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है।

ऐसे समय विद्युत कटौती न की जाए। यदि विद्युत सप्लाई बंद की शिकायतें मिलती हैं तो तत्काल संज्ञान में लिये जाने की मांग की है। इस दौरान ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला महासचिव वाजिद कुरैशी, ऑल इंडिया मंसूरी समाज समिति के जिला अध्यक्ष नवाब मंसूरी,भाजपा पार्षद अजमल शेर खान, डाक्टर सुभान गोरी, वाजिद खान ,अनीस कुरैशी,नफीस कुरेशी, वसीम खान, कामरान ठेकेदार, डाक्टर अनस कुरैशी, पहलवान वकील मंसूरी, पहलवान हिफाज़न खान, फरमान अंसारी, एडवोकेट जफर खान, सैयद मंसूर अली, अनीश खान, पहलवान शाहिद कुरेशी, मुकीम कुरैशी,प्यारे कुरैशी, पहलवान आदिल गोरी,अब्दुल बुरहान गोरी,शाहज़ेब कुरैशी, शोएब कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी की जयंती पर निकला भव्य जुलूस



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में शुकवार को शिवसेना के नगर में एक विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरूआत गांधी चौक से प्रारंभ हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए समापन स्थल पहुंचा। जुलूस के दौरान डीजे पर देशभक्ति के गीतों की धुन बज रही थी, जिस पर युवा जमकर नाच रहे थे। साथ ही शिवसेना कार्यकर्ताओं के द्वारा जेसीबी पर सवार होकर भगवा ध्वज लहरा रहे थे। जुलूस गांधी चौक से शुरू होकर सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक और नेहरू चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंचा। अंत में यह शिवाजी चौराहे पर समाप्त हुआ। समापन समारोह में छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्प अर्पण किए गए। इस दौरान आगामी कार्य योजना भी बनाई गई। वाहनों का एक लंबा काफिला भी जुलूस के साथ चल रहा था। इस जुलूस का विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक लोगों के द्वारा जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की एक आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। कार्यक्रम में मार्ग पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला प्रभारी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र देबा लोधी, विद्यार्थी शिवसेना जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष धन सिहं कुशवाह, अनिकेत राजपूत, जिला महामंत्री जित्तू कुशवाह, प्रमोद लोधी, मनीष कुर्मी सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वयं आगे बढकर कार्य करें, सच्चे स्वयंसेवक बने

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पवित्र मास रमजानुल मुबारक से पहले मुस्लिम राष्टीय मंच की महत्वपूर्ण बैठक मंच कार्यालय कादरी साहब वाली गली जवाहर रोड पर आयोजित की गई जिसमे मंच की भविष्य की कार्य योजना व कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्टीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी द्वारा पूरे देश मे शब ऐ बारात व मुस्लिम राष्टीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक व राष्टीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार के जन्मदिन सद्भावना सप्ताह के अवसर पर मंच कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा के कार्य की जहां प्रशंसा की वही छोटे छोटे कार्य जो मंच के स्वयंसेवक स्वयं कर सकता है उनके लिऐ विभिन्न स्तर के अधिकारी या जनप्रतिनिधियो को बस ज्ञापन दिऐ जा रहे है



और फोटो फोटो खेला जा रहा है जिससे एक गलत परंपरा चलन मे आ रही हैं पर गंभीर चिंता जताई और नाराजगी भी जाहिर की उन्होने कहा कि हम सभी मंच के कार्यकर्ता वतन से मुहब्बत करने वाले इमान वाले दीन वाले सच्चे राष्टवादी स्वयंसेवक है। यह बिना काम किऐ फोटो फोटो खेलना हमको शोभा नही देता। सभी जिला नगर तहसील संयोजको से उन्होने आव्हान किया वे अपनी अपनी टीम के साथ स्वयं आगे बढकर सेवा के कार्य करे उसके बाद ही फोटोज वीडियोज समाचार दे। हर बात छोटे छोटे काम के लिऐ शासकीय अधिकारी जनप्रतिनिधि को ज्ञापन न सौपें।

श्री कादरी ने अखिल भारतीय मार्गदर्शक मंडल की गांधी दर्शन राजघाट पर आयोजित बैठक के महत्वपूर्ण बिदुऔ पर चर्चा करते हुए इमदाद फंड बनाने पर जोर दिया। जिससे गरीबों विधवाओं अनाथों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारो बीमारो बेरोजगारो छात्रो की मदद की जा सके। इस दौरान वक्फ सुधार, यूसीसी, समान अधिकार, नशा मुक्ति अभियान हर बस्ती मे चलाने, विवादित धार्मिक स्थल बातचीत हल करने पर चर्चा की। जिला संयोजक एडवोकेट असद नवेद हाशमी ने रोजा अफ्तार के लिऐ खजूर व गौ दूध के इस्तेमाल की बात कही ।

इस अवसर पर उमराह तीर्थ यात्रा कर आऐ रक्तदानी सैयद फैसल अली सहित उनके साथियो का पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान भी किया गया। बैठक में काजी सैयद शोएब हुसैन, जिला सह संयोजक सैयद शादाब अली, संयोजक सैयद जुबेर हुसैन, संयोजक एडवोकेट अजहर कुरैशी, रईस खान, शफीक खान, सैयद सरवर अली, शकील अहमद खान, मोहम्मद अली खान , सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के जिला, तहसील व नगर संयोजक मौजूद हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नफीस खान ने दी।

## सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों को दी भावपूर्ण विदाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को एसपी अगम जैन द्वारा पुलिस लाइन में स्थित पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए एसआई द्वारका प्रसाद व्यास थाना गुलगंज और एएसआई जितेंद्र सिंह चौहान पुलिस लाइन को विदाई देकर उनका अभिनंदन किया गया।

एसपी श्री जैन व एएसपी विक्रम सिंह ने दौनों पुलिस अधिकारियों को शाल, श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया है। सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित जूनियर पुलिस कर्मचारियों के साथ पुलिस सेवा कार्यकाल के अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, सूबेदार प्रभा सिलावट, मुख्य लिपिक आरके प्रजापति, पुलिस अभिलेख अधिकारी और सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों के परिवार के लोग उपस्थित रहे।



## विशाल भंडारे के साथ 3 दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर के त्योदा रोड स्थित शांति नगर में तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया जिसमें भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञ हवन वेदी शुद्धि एवम भगवान के नगर भ्रमण कर भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कर शिव अभिषेक एवं पूर्ण आहुति के साथ विशाल भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया।



तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रतिष्ठाचार्य पं. श्रवण कुमार दुबे इमलानी वालों द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, विहिप के पूर्व केंद्रीय सहमंत्री राजेश तिवारी, वार्ड पार्षद श्रीमती संतोषी जितेंद्र मैना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं मंदिर निर्माण में भूमि दान कर और निर्माण में आर्थिक सहयोग करने पर स्व. सेठ दीपचंद जैन के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ कुमार जैन, डॉ. एके जैन, निर्मल जैन, मुकेश जैन, वीरेंद्र जैन रुचीला एवं अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया तथा इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में यजमान बनने का सौभाग्य रामनाथ सिंह, प्रेम सिंह कुशवाहा, भैरो सिंह कुशवाहा, सोनू कुशवाह पिरवेंद्र रघुवंशी, धन सिंह, देवेंद्र सिंह, अभिषेक चौबे रघुनाथ कुशवाहा, दशरथ सिंह, गुड्डा भैया को मिला है। वही आयोजन में वरिष्ठ समाज सेवी गणेशराम रघुवंशी, सुनील बाबू पिंगले नीलेश जैन, महेंद्र सिंह, श्रीमति सरिता रघुवंशी एवं वार्ड वासियों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फोटो क्रमांक 03

## केंद्र अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ छात्रों ने किया चक्काजाम

**सिलवानी, देशबन्धु।** माधमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में इन दिनों परीक्षा केन्द्र प्रभारी की मनमानी के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिलवानी हायर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पुष्पा विद्यालय में केंद्र अध्यक्ष राजेश खरे द्वारा छात्र यशपाल आदिवासी जो कि 12वीं कक्षा का छात्र है जो पुष्पा विद्यालय परीक्षा केंद्र पर अंग्रेजी का पेपर देने के लिए परिक्षा केंद्र पहुंचा था लेकिन छात्र दो मिनट लेट हो जाने के कारण छात्र को केंद्र अध्यक्ष द्वारा परीक्षा नहीं देने दी गई।

जिसको लेकर छात्र बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुष्पा विद्यालय केंद्र के सामने गुस्साए छात्रों ने स्टेट हाईवे 15 सिलवानी सागर मार्ग पर स्थित पुष्पा विद्यालय के सामने दिन शुक्रवार को चक्का जाम शुरू कर दिया है।

छात्रों द्वारा किए जा रहे चक्का जाम की जानकारी प्रशासन को लगते ही एसडीएम पीसी शाक्य, एसडीओपी अनिल मौर्य तहसीलदार सहित प्रशासन के आला अधिकारी पुष्पा विद्यालय के सामने बीच सड़क पर चक्का जाम कर रहे छात्रों के पास पहुंचकर छात्रों से चक्का जाम को लेकर जन संवाद किया



गया। गौरतलब हैं कि परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष राजेश खरे द्वारा छात्र के 2 मिनट लेट होने पर केंद्र अध्यक्ष ने छात्र को परीक्षा में नहीं बैठने दिया था जिसको लेकर छात्र परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष को तत्काल हटाने तथा केंद्र अध्यक्ष के मुरादाबाद के नारे लगाते हुए तत्काल प्रभाव से केंद्र अध्यक्ष को हटाने को लेकर छात्रों द्वारा प्रशासन के अधिकारियों से बात की। हालांकि छात्रों द्वारा करीब आधा घंटे सड़क पर जाम किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद छात्रों ने चक्काजाम समाप्त किया। गुरुवार को भी हाईस्कूल परीक्षा में दो छात्र पांच मिनट देरी से आने पर परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष द्वारा छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया था।

जिसके कारण दो छात्र परीक्षा से वंचित हो गये थे जिसको लेकर छात्र बड़ी संख्या में दिन गुरुवार को पुष्पा विद्यालय के केंद्र अध्यक्ष पर कार्रवाई को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे जहां पर अनुविभागीय अधिकारी को छात्रों द्वारा ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई लेकिन प्रशासनद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिसको लेकर छात्रों द्वारा चक्का जाम किया गया था।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### बैतूल का बेटा फाल्गुन बना मध्यप्रदेश का टॉपर

**बैतूल,देशबन्धु।** जिले का नाम देश और प्रदेश स्तर पर रोशन करने वाले जिले के होनहार विद्यार्थियों में फाल्गुन राठौर का नाम भी जुड़ गया है। श्री अग्रसेन महाराज विद्यालय गंज में 12 वी क्लास के छात्र फाल्गुन पिता ओम प्रकाश राठौर ने नेशनल स्टेंडर्ड



एग्जामिन इन केमेस्ट्री एंड फिजिक्स परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता, स्कूल और जिले का गौरवांवित किया शाला के डायरेक्टर रिशांक राठौर ने बताया कि,नेशनल स्टेंडर्ड एग्जामिन इन केमेस्ट्री एंड फिजिक्स( एनएसईपी, तथा एनएसईसी) परीक्षा में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने वाले मात्र कुछ छात्र ही सफल हो सके हैं, जिनमे फाल्गुन ने पूरे प्रदेश में टॉपर में रहा। फाल्गुन के क्वालिफाइड होने के बाद उन्हें देश विदेश के प्रसिद्ध और नामी गिरामी कालेजों में प्रवेश को लेकर प्राथमिकता मिलेगी एवं वैज्ञानिक अनुसंधानों के क्षेत्र में अवसर भी प्राप्त होंगे। फाल्गुन की इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक अनिल राठौर, प्राचार्य सुरेश चढोकार सहित शाला के समस्त शिक्षक , शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने फाल्गुन को बधाई प्रेषित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### कृषक जगदीश के जीवन में आई खुशहाली

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की उन्नति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना भी इन योजनाओं में से एक है। बैतूल मुख्यालय के विनोबा नगर निवासी कृषक जगदीश परिहार ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत उन्हें वर्ष में 6 हजार की राशि तीन किस्तों में मिलती है। विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा योजना के तहत तीसरी किस्त के रूप में 2 हजार की राशि उनके खाते में अंतरित की है। इस राशि से उन्हें खेती-बाड़ी के कार्यों में आर्थिक मदद के साथ ही बीज, खाद एवं दवाइयों के खर्चे में काफी सहायता मिलती है। कृषक जगदीश ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण का ऐसा मजबूत आधार स्तंभ मिला है, जिससे न केवल उनके परिवारों में समृद्धि आई है, अपितु कृषि क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव हुए हैं।

### आरोप: नकल के लिए संकुल प्राचार्य और प्राथमिक शिक्षक जिम्मेदार

**बैतूल, देशबन्धु।** भीमपुर तहसील अंतर्गत ग्राम कासमखंडी की प्राथमिक शाला में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा में नकल का मामला सामने आया है। इस प्रकरण का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीण इमरत धुर्वे, रामसिंग धुर्वे और पप्पू इवने ने कलेक्टर से शिकायत की है। आवेदन में कहा गया है कि इस नकल कांड के लिए संकुल प्राचार्य गौरी कैलाबाग और प्राथमिक शिक्षक रमेशचंद्र पवार सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। आरोप है कि जब प्राचार्य ने ईपीएस शाला कासमखंडी का निरीक्षण किया, तब उन्होंने इस मामले में क्या कार्रवाई की, यह स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन को प्राचार्य और शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि प्राचार्य गौरी कैलाबाग और शिक्षक रमेशचंद्र पवार आदिवासी कर्मचारियों पर अत्याचार और शोषण करते हैं। उनके कार्यकाल में कई विवादित घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के ग्रामवासी, पालक और कर्मचारी भयभीत रहते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि कर्मचारियों को निलंबित करने की धमकी दी जाती है और भेदभाव किया जाता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन इन दोनों कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो।

### विद्युत कटौती शेड्यूल

**बैतूल, देशबन्धु।** बिजली कंपनी बैतूल दक्षिण द्वारा 2 मार्च को 220 केव्ही अतिउच्च दाब उपकेंद्र खड़ला के मेंटेनेंस कार्य के चलते 33 केव्ही फीडर जावरा, जूनावानी, मांडवी, बिसनूर, अमदर तथा पीजीसीआईएल फीडर में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल दक्षिण के उप महाप्रबंधक ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य के चलते 2 मार्च को सुबह 6 से 9 बजे तक 33 केव्ही जावरा फीडर के खानापुर, चिल्कया, लोहरिया, गणेशघाट, जोडक्या, बयावाड़ी, भोगीतेड़ा, हतोतिया, साईखंडारा, रोंढा, जावरा, थावड़ी, नागझिरी, अर्जुनवाड़ी सहित अन्य ग्रामों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 6 से 9 बजे तक जूनावानी 33 केव्ही फीडर के बघोली, सोनारखापा, सरंडई, गोंडी गौला, छाता, रेडवा, जूनावानी, थावड़ी, बारव्ही, गुडी, सेलगांव, घोगरी, हथिडिंगर, डोडरामोहर, चारवन एवं अन्य ग्रामों में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार सुबह 6 से 9 बजे तक मांडवी 33 केव्ही फीडर के बिजासनी, मूसाखेडी, टिपनापुर, धनोरा, धनोरी, बोरपानी, पांढुना, देहगुड, जूनावानी, नयेगांव राजोला, निरगुड, सीवनपाट, कोलगांव, बडोरी, नायकचारसी, दीवानचारसी, गोहदा, राजोला, बाबरया, पातरा एवं अन्य ग्राम में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 6 से 9 बजे तक बिसनूर 33 केव्ही फीडर के ऐनखेडा, टेमनी, पुसली, बरखेड, जामठी, धामोरी, मंजरी घोघरा, गुनखेड, सांवगी, खतगढ, गुर्जरमाल एवं अन्य ग्राम ग्राम में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 6 से दोपहर 12 तक अमदर 33 केव्ही फीडर के सेहरा, सूरगांव, अमदर, भरकावाड़ी, मुढाटेड़ा, भवानीटेड़ा, अमदर, गोराखार, पीपला, बोथी, मांडवा, गाडवा, हतनाझिरी, बोरीकास, सालार्जुन, कोलगांव, भरकावाडी, सूरगांव, खडला, नयेगॉव, करजगॉव एवं अन्य ग्रामों में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी तथा सुबह 6 से दोपहर 12 तक 33 केव्ही पीजीआईसीएल के सेहरा, सूरगांव, अमदर, नयेगांव, हतनाझिरी, गोराखार, पीपला, मांडवा, खडला सहित अन्य ग्रामों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# खेड़ली बाजार संकुल केंद्र बनाने का निर्णय अधर में लटका

## जन शिक्षा केंद्र खेड़ली बाजार को संकुल केंद्र घोषित करने की मांग, बीआरसी और बीईओ आमला पर अनियमितता के आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के किसान विंग जिला अध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत सदस्य ईश्वरदास साबले ने खेड़ली बाजार को संकुल केंद्र बनाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बीआरसी और बीईओ आमला पर अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं और जांच कराकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है।

साबले ने आरोप लगाया कि पिछले एक महीने से जांच के नाम पर सिर्फ गुमराह किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। 20 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज कराने के बावजूद न तो संकुल गठन में हुई अनियमितताओं की जांच पूरी हुई और न ही कोई स्पष्ट जवाब दिया गया। अधिकारी सिर्फ जांच जारी होने का आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं, जबकि हकीकत में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह देरी जानबूझकर की जा रही है ताकि खेड़ली बाजार को संकुल केंद्र बनाने की मांग को दबाया जा सके।

**भौगोलिक दृष्टि से खेड़ली बाजार सबसे उपयुक्त स्थान-** ईश्वरदास साबले ने बताया कि भौगोलिक दृष्टि से खेड़ली बाजार इस पद के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है, लेकिन फिर भी इसे संकुल केंद्र नहीं बनाया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संकुल गठन में उच्च कार्यालय के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। संकुल केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया में शालाओं की दूरी और प्राचार्यों की सहमति तक नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि जन शिक्षा केंद्र खेड़ली बाजार के तहत आने वाली शालाओं को किन-किन संकुलों में शामिल किया जा रहा है, इसका अलग-




अलग प्रस्ताव तक नहीं लिया गया। यदि लिया भी गया है, तो उसमें कितनी शालाएं नहीं जोड़ी गईं, इसकी जानकारी नहीं दी गई।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि जन शिक्षा केंद्र खेड़ली बाजार को संकुल कोड 5022506110 उच्च कार्यालय से जारी किया जा चुका है, फिर भी इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। उमरिया, अधारिया, जंम्बाडा, छिपन्या और पिपरिया को संकुल केंद्र बना दिया गया, जबकि खेड़ली बाजार को इस सूची में जगह नहीं दी गई।

7 जनवरी को विकासखंड स्तरीय बैठक में खेड़ली बाजार को संकुल बनाने या हटाने का कोई प्रस्ताव नहीं लिया गया, जबकि अन्य केंद्रों पर यह प्रक्रिया अपनाई गई। ग्रामीणों ने इस बात पर भी जोर दिया कि खेड़ली बाजार भौगोलिक दृष्टि से मध्य में स्थित है, जहां बैंक, पोस्ट ऑफिस, सड़क मार्ग और अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा, यहां सभी शालाओं की दूरी 8 किमी से अधिक नहीं है और दर्ज संख्या भी अधिक है।

ज्ञापन की प्रतिलिपि शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री और बैतूल कलेक्टर को भी भेजी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लगभग 30 वर्षों से संचालित जन शिक्षा केंद्र खेड़ली बाजार को यथावत रखा जाए, क्योंकि इसे अन्य केंद्रों में मिलाने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उमरिया जन शिक्षा केंद्र की स्थिति खराब है, वहां बैंक, पोस्ट ऑफिस, सड़क मार्ग और अन्य सुविधाओं का अभाव है, जिससे वहां जाने वाले विद्यार्थियों और महिला शिक्षकों को काफी दिक्कतें आएंगी। ग्रामीणों ने कहा कि संकुल केंद्र बनाए जाने से पहले संकुल प्राचार्य की सहमति भी नहीं ली गई। ऐसे में बिना किसी ठोस आधार के खेड़ली बाजार को हटाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस प्रस्ताव को तुरंत निरस्त कर जन शिक्षा केंद्र खेड़ली बाजार को संकुल केंद्र घोषित किया जाए।

# गोवंश की तस्करी का बड़ा रैकेट बेनकाब, उत्तर प्रदेश के तस्कर गिरफ्तार, 2 ट्रकों को पकड़ा

**बैतूल, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय हिंदू सेना और पुलिस ने गोवंश से भरे दो ट्रकों का पीछा कर तस्करों को पकड़ लिया। हाईवे पर जाम लगाकर तस्करों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन ट्रक चालकों ने बचने के लिए ट्रक को अचानक दूसरी सड़क पर मोड़ दिया और भागने लगे। पर राष्ट्रीय हिंदू सेना और पुलिस की मुस्तैदी से यह खेल ज्यादा देर नहीं चला।

करीब 1 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद कोसमी डेम के पास दोनों ट्रकों को रोक लिया गया। जब ट्रकों के अंदर का नजारा देखा गया, तो सबके रोंगटे खड़े हो गए। 38 गोवंश को ठूंस-ठूंस कर बांधा गया था, दो की दम घुटने से मौत हो गई थी। ये सभी गोवंश महाराष्ट्र के अमरावती स्थित कत्लखाने ले जाए जा रहे थे।

**कैसे हुआ खुलासा?-** राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश संयोजक पवन मालवीय को शाम करीब 5 बजे इस तस्करी की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत संगठन के पदाधिकारियों को सतर्क किया और पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार उइके को जानकारी दी। इसके बाद हाईवे पर पुलिस और हिंदू सेना की संयुक्त टीम तैनात हो गई। जैसे ही ट्रक वहां पहुंचा, पुलिस और हिंदू सेना ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन तस्कर भागने लगे। करीब 1 किलोमीटर तक पीछा कर ट्रक को पकड़ा गया। जब ट्रक के अंदर देखा गया, तो वहां रस्सियों से जकड़े गोवंश दर्दनाक हालत में मिले। राष्ट्रीय हिंदू सेना के खुफिया तंत्र और पुलिस की सतर्कता से तस्करी को रोकने में सफलता मिली है।



**बैतूल बाजार पुलिस ने दिखाई तत्परता -** विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे ने बताया एक और ट्रक क्रमांक एमपी.06.एचसी.6145 सफेद कलर ट्रक में गोवंश तस्करी की सूचना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय को मिली थी। हमने तुरंत बैतूल बाजार पुलिस को जानकारी दी। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने बैतूल बाजार के पास ट्रक को रोका, लेकिन दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। हम लगातार प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

जिला सह गौरक्षा प्रमुख स्वप्निल छोटू पवार ने बताया जब ट्रक खोला गया तो उसके अंदर भूखे-प्यासे गोवंश दर्दनाक स्थिति में मिले। उन्हें अमानवीय तरीके से रस्सियों से बांधकर रखा गया था। यह बेहद निंदनीय है। हमें इस तरह के मामलों में और सख्ती बरतनी होगी।

**मां ताप्ती गौशाला में सुरक्षित पहुंचाए गोवंश -** प्रखंड अध्यक्ष राजा कुंभारे ने बताया हमने सभी गोवंश को भयावाड़ी स्थित मां ताप्ती गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया। मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। प्रशासन से हमारी मांग है कि इन तस्करों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका-** इस ऑपरेशन में सोनाखाटी पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार उइके, एएसआई जगदीश नावरे, प्रधान आरक्षक अभिजीत खलतकर, आरक्षक, महेश नगदे, आरक्षक संदीप भलावी, बैतूल बाजार पुलिस एसआई विनोद मालवीय, एएसआई रमन धुर्वे, राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला अध्यक्ष अनुज राठौर, जिला युवा संयोजक, नवीन पटेल, जिला युवा सह संयोजक अमित यादव, वरिष्ठ सहयोगी नारायण पोटे, प्रखंड अध्यक्ष सौमेश सोनी, नगर मंत्री अरविंद मासोदकर, प्रखंड उपाध्यक्ष नगर संयोजक रोहित मालवीय, तहसील सह गौरक्षा प्रमुख उमेश मालवीय, गो सेवक मोहित वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रीय हिंदू सेना और पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से गोवंश तस्करी का बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ है। प्रशासन अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटा है।

**- इनका कहना**

हमने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि गोवंश तस्करी के मामलों में कठोर कार्रवाई करें। हम फरार तस्करों की तलाश कर रहे हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

**- निश्चल एन झारिया,**
पुलिस अधीक्षक बैतूल।

# ग्लोबल समिट में बैतूल के कोरकू नृत्य ने बिखेरी संस्कृति की छटा, विदेशी भी थिरके

## प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के स्वागत में कोरकू कलाकारों ने पेश की अद्भुत प्रस्तुति

**बैतूल, देशबन्धु।** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में बैतूल जिले के कोरकू कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोकसंस्कृति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में कोरकू समुदाय के कलाकारों ने मंच पर शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अन्य जिलों के कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिससे मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान मिली।



24 फरवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल पहुंचे, तब उनकी स्वागत रैली में बैतूल जिले के कोरकू समुदाय के कलाकारों ने पारंपरिक लोकनृत्य गडली सुसुन के जरिए भव्य स्वागत किया। इस अद्भुत नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 25 फरवरी को जब गृह मंत्री अमित शाह भोपाल आए, तब भी कोरकू कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से उनका स्वागत किया।

जनजातीय संग्रहालय भोपाल के निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र पारे ने कोरकू जनजातीय संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्कृति संरक्षण को लेकर हर संभव प्रयास किए जाएंगे और कोरकू समुदाय की सांस्कृतिक टीम का यह योगदान अत्यंत सराहनीय है।

बैतूल जिले की कोरकू संस्कृति लोकनृत्य टीम का नेतृत्व महादेव बारस्कर बेठे ने किया। उन्होंने भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में अपनी टीम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोरकू संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित करने के उनके प्रयासों की खूब सराहना हुई। गडली सुसुन नृत्य विशेषज्ञ महादेव बारस्कर बेठे को समाज में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

रैली के दौरान सरदार गंजनसिंह कोरकू और उनकी गडली सुसुन सांस्कृतिक नृत्य टीम ने अपने पारंपरिक लोकनृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदेशी मेहमानों और बड़े उद्योगपतियों ने भी इस लोकनृत्य का आनंद लिया और कलाकारों के साथ झूमते नजर आए। यह प्रदर्शन कोरकू संस्कृति के गौरव को बढ़ाने वाला था, मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को भी प्रदर्शित करने वाला रहा।

# आदिमरंग नाट्य महोत्सव में सुखिया और सल्तनत ने किया दर्शकों को लोटपोट

**बैतूल, देशबन्धु।** नाट्य संस्था आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी और ओन स्टेज ट्रस्ट आगरा द्वारा जिला प्रशासन बैतूल के सहयोग से शहीद भवन बैतूल में शुक्रवार को एक दिवसीय ॐआदिमरंग नाट्य महोत्सवॐ का आयोजन किया गया। इस नाट्य महोत्सव में शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान दर्पण रंग समिति बरही जिला कटनी से दुर्गेश सोनी के निर्देशन में रंग संगीत की प्रस्तुति दी



गई। महोत्सव की पहली नाट्य प्रस्तुति संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रस्तुत एवं राकेश वरवड़े और कलीम जफर के निर्देशन में निर्देशित नाटक ॐसुखिया मर गया भूख सेॐ की दी गई। इस नाट्य महोत्सव में दूसरी प्रस्तुति दर्पण रंग समिति बरही जिला कटनी से दुर्गेश सोनी के निर्देशन में निर्देशित ॐसल्तनतॐ नाटक की प्रस्तुति दी गई। सशक्त अभिनय और निर्देशन से सजी इन नाट्य प्रस्तुतियों को देख दर्शक उत्साहित हुए और ऐसे उत्सव आगे भी आयोजित करने का अनुरोध किया।

उल्लेखनीय है आदिम ग्रुप जिले में लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करते आ रहा है,। जिससे जिले में रंगमंचीय विकास के साथ शहर की प्रतिभाओं को सशक्त बनाया जा सके। इसी क्रम में संस्था ने ॐआदिमरंग नाट्य महोत्सवॐ का आयोजन किया है। इससे पूर्व संस्था ने वर्ष 2022 में तीन दिवसीय गंजन सिंह कोरकू महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।

# दिव्यांगजनों के लिये 7 और 8 मार्च को आयोजित होगी 'सुगम्य यात्रा'

**बैतूल, देशबन्धु।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनेमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च 2025 को कलेक्टर के सहयोग से दिव्यांगजन की ॐसुगम्य यात्राॐ का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं आयुक्त निःशक्तजन ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में ॐसुगम्य यात्राॐ निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे। स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह, सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा, जो भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी। यात्रा के फोटो ॐयस टू एक्सेसॐ ऐप पर अपलोड कर सकेंगे। यात्राओं पर होने वाले व्यय सीआरएस फंड या एजीपी सब स्कीम से करने के अधिकार कलेक्टर्स को दिये गये हैं।

# आज 1 मार्च को फागुन चांद नजर आया तो होगी गोंडी नए वर्ष की शुरुआत

**बैतूल, देशबन्धु।** गोंडी भाषा में माड़ अम्मास याने समाप्ति का अमावश होता हैं। यह त्यौहार फागुन माह की अमावश के दिन मनाया जाता हैं । माड़ अम्मास( अमावस्या) के दिन शाम को पंच पकवानों का भोजन बनाया जाता हैं तथा अपने कुल देवी देवताओं व पुरखों की पूजा की जाती हैं कि आने वाला गोंडी नया वर्ष सभी सगाजनों के लिए शुभ व लाभकारी हो।

आदिवासी समाज के जितेंद्र सिंह इवने ने बताया कि फागुन चांद दिखने पर आदिवासी समाज के लोग अपने से बड़े लोगों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं व एक दूसरे को हल्दी चावल का टीका (तिलक) लगाकर व गले मिलकर गोंडी नए साल की शुभकामनाएं सेवा सेवा कहकर बधाई देते हैं।

# छात्रावासों में कार्यरत कर्मचारियों को 6 माह से नहीं मिला मानदेय

## बच्चों की पढ़ाई पर संकट, गुजारा मुश्किल, भारतीय मजदूर संघ ने उठाई अंशकालिक श्रमिकों की आवाज

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के शासकीय छात्रावासों में कार्यरत अंशकालिक श्रमिकों को बीते छह महीने से पारिश्रमिक नहीं मिला, जिससे उनका जीवन यापन करना बेहद मुश्किल हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घर चलाना भी कठिन हो गया है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने एक बैठक आयोजित की, जिसमें संघ के पूर्व महामंत्री मधुकर साबले, विभाग प्रमुख विनय डोंगरे और जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ उपस्थित रहे।



**श्रमिक बोले- आखिर कब तक करें इंतजार-** बैठक में श्रमिकों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी नहीं किया गया और समय पर मानदेय भी नहीं मिल रहा। ये कर्मचारी संस्था खुलने से बंद होने तक पूरी मेहनत से काम करते हैं, फिर भी उन्हें नियमित वेतन नहीं मिलता।

श्रमिकों ने बताया कि 6 महीने से बिना वेतन उनका गुजारा करना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारियों को कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है, तो कुछ अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी नहीं उठा पा रहे।

**सहायक आयुक्त को भेजा पत्र, जल्द भुगतान की मांग-** भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की कि अंशकालिक कर्मचारियों का लंबित मानदेय जल्द से जल्द भुगतान किया जाए।

# शिवम सेवा समिति ने किया स्कूल समिति का सम्मान

## खाटू श्याम जी के भजन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**बैतूल, देशबन्धु।** पिछले 16 वर्षों से शिवम सेवा समिति, कमानी गेट के पास न्यू बैतूल हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान पर सार्वजनिक भण्डारा करती आ रही है। जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन समिति द्वारा इसी ग्राऊंड पर करवाया गया। भण्डारे के समापन अवसर पर खाटू श्याम जी की भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें नागपुर के हर्ष शर्मा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शिवम सेवा समिति के सुनील गुड्डु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष बबला शुक्ला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पार्षद रेखा शर्मा, प्रमुख



व्यवसायी एवं समाजसेवी नवीन तातेड़

**भण्डारे में यह हुए शामिल-** तीन दिवसीय भण्डारे में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, सेवा भारती के अध्यक्ष मुकेश खण्डेलवाल एवं सचिव दीपेश मेहता, नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पंवार, नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गर्ग, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य और विकास मिश्रा, पार्षद आभा श्रीवास्तव, भाजपा जिला सहकोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, चिंतक एवं विचारक प्रवीण गुगनानी, कर सलाहकार प्रदीप खण्डेलवाल, उद्योगपति अभिषेक गोयल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**इनका हुआ सम्मान-** शिवम सेवा समिति के रक्कू शर्मा ने बताया कि शिवम सेवा समिति द्वारा 16 वर्ष से न्यू बैतूल हाईस्कूल ग्राऊंड पर भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राऊंड निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए न्यू बैतूल हाईस्कूल एसोसिएशन समिति की ओर से नवनीत गर्ग का सम्मान किया गया। समिति के पम्मू शर्मा ने बताया कि भण्डारे में हर वर्ष पेयजल व्यवस्था बनाने के लिए सहयोग देने वाले जित्तू आर्य एवं उनके सहयोगियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह से भण्डारा स्थल पर सफाई व्यवस्था में सहयोगी नपा के स्वच्छता निरीक्षक संतोष धनेलिया का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा भण्डारे के दौरान जिन्होंने रक्तदान किया था उन सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया।

# 12वीं के 14 हजार 336 विद्यार्थियों ने दी अंग्रेजी विषय की परीक्षा

## कक्षा 10वी के 27 विद्यार्थियों ने उर्दू विषय का दिया प्रश्न पत्र

**बैतूल, देशबन्धु।** हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा अंतर्गत शुक्रवार को जिले के 110 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में 14 हजार 728 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिनमें से 392 परीक्षार्थियों के अनुपस्थित रहने से 14 हजार 336 परीक्षार्थी, परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसके अलावा शुक्रवार को कक्षा 10वी के अंतर्गत उर्दू विषय का प्रश्नपत्र भी हुआ, जिसमें 28 दर्ज में से 27 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि उड़न दस्ता द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12वीं की परीक्षा में औचक निरीक्षण के दौरान सीएम राइज कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार में 1 नकल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आज शनिवार 1 मार्च को हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा 10वीं के अंतर्गत एनएसक्यूएफ का प्रश्न पत्र आयोजित होगा। व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रश्न पत्र 44 केंद्रों पर होगा।

**परीक्षा केंद्रों पर उड़न दस्तों की पैनी नजर-** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में विभिन्न स्तरों पर बनाए गए उड़न दस्तों द्वारा सघनता से प्रश्न पत्र के दौरान 71 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। संभाग, जिला एवं विकासखंड स्तरीय दलों द्वारा 45 तथा राजस्व एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा 26 केंद्रों का निरीक्षण इस दौरान किया गया। जिला स्तरीय दल द्वारा सीएम राइज कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार में स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर 01 नकल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा गठित उड़न दस्ते द्वारा भी जिले के 04 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| बंधन बैंक | 3.14 प्रतिशत |
| एयू स्मॉल फाइनेंस | 1.62 प्रतिशत |
| कोल इंडिया | 1.51 प्रतिशत |
| अलकेम लैब | 0.73 प्रतिशत |
| एपीएल अपोलो | 0.05 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एबीबी इंडिया | 4.60 प्रतिशत |
| अडानी टोटल गैस | 4.07 प्रतिशत |
| अडानी एनर्जी | 1.63 प्रतिशत |
| एबी कैपिटल | 0.85 प्रतिशत |
| आदित्य बिड़ला फाइनें | 0.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 8,684 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 21 | 87.00 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9300-9300 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी अर्थव्यवस्था




■ भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसम्बर तीसरी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई, जो पिछली तिमाही में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर कीमतों पर जीडीपी 47.17 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में यह 44.44 लाख करोड़ रुपए थी, जो 6.2 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 84.74 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है, जबकि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में यह 77.10 लाख करोड़ रुपए थी, जो 9.9 प्रतिशत की वृद्धि है।

एनएसओ के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 43.13 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में यह 40.60 लाख करोड़ रुपए था, जो 6.2 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में नॉमिनल जीवीए 77.06 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में यह 69.90 लाख करोड़ रुपए था, जो 10.2 प्रतिशत की वृद्धि है।

पहले संशोधित अनुमानों के अनुसार, भारत की वास्तविक जीडीपी वित्त वर्ष 24 में 9.2 प्रतिशत बढ़ी, जो वित्त वर्ष 22 में महामारी के बाद की वापसी को छोड़कर 12 वर्षों में सबसे अधिक है। क्रमिक सुधार के बावजूद, विकास पिछले वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज 8.6 प्रतिशत से कम रहा। जुलाई-सितंबर की अवधि में मंदी स्पष्ट थी जब जीडीपी वृद्धि सात तिमाहियों में सबसे धीमी रही।

## भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की जरूरत : विश्व बैंक




**नई दिल्ली।** विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया है कि भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए अगले 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। यह एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे प्राप्त किया जा सकता है। बिकमिंग अ हाई-इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन टाइटल वाले नए इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरंडम में पाया गया है कि यह लक्ष्य संभव है। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसत 6.3 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर को मान्यता देते हुए, विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पिछली उपलब्धियां इसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। हालांकि, वहां पहुंचने के लिए सुधारों और उनके कार्यान्वयन को लक्ष्य जितना ही महत्वाकांक्षी होना होगा। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि चिली, कोरिया और पोलैंड जैसे देशों से मिले सबक बताते हैं कि कैसे उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने इंटीग्रेशन को गहरा कर मिडल-टू-हाई इनकम वाले देशों के रूप में ट्रांजिशन किया है।

## ईपीएफओ ने पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रखी बरकरार




■ ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने लिया निर्णय

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले वर्ष के समान 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को हुई बैठक में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने यह निर्णय लिया।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 के 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दिया था। प्रपोजल को अब मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा कर दी जाएगी। इस बीच, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के तहत प्राप्त एप्लीकेशन में से 70 प्रतिशत की प्रोसेसिंग पूरी कर ली है और 31 मार्च, 2025 तक सभी एप्लीकेशन की प्रोसेसिंग पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी ईपीएफओ द्वारा श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड, ईपीएफ की कार्यकारी समिति (ईसी) में दी गई। बयान के अनुसार, समिति ने ईपीएफओ को उन सदस्यों के मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिन्होंने पहले ही आवश्यक राशि जमा कर दी है, जिसमें बड़े पीएसयू भी शामिल हैं। उच्च वेतन पेंशन योजना को इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार लागू किया जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से दावा प्रक्रिया को सरल बनाने की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें आंशिक निकासी के लिए सत्यापन का तर्कसंगतीकरण शामिल है। ईसी को प्रगति पर अपडेट भी दिया गया था। एक तकनीकी समिति ने एडवांस निकासी के लिए फॉर्म 31 में सत्यापन को सरल बनाने की सिफारिश की है।

कार्यकारी समिति को यह भी बताया गया कि जनवरी 2025 में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) लागू कर दी गई है।

## भारत का राजकोषीय घाटा बजट लक्ष्य का 74.5 प्रतिशत रहा




**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। भारत का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीने (अप्रैल-जनवरी) में बजट लक्ष्य का 74.5 प्रतिशत रहा है। कंट्रोलर जनरल ऑफ अकाउंट द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-जनवरी अवधि में सरकार की आय और खर्च में अंतर 11.69 लाख करोड़ रुपए रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 15.69 लाख करोड़ रुपए रखा था।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा 11.02 लाख करोड़ रुपये था। सरकार की कुल प्राप्तियां अप्रैल-जनवरी की अवधि में 24 लाख करोड़ रुपए रही हैं। वहीं, कुल खर्च 35.70 लाख करोड़ रुपए रहा है।

आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री, अदिति नायर ने कहा कि कुल घाटा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा तय जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के लक्षित आंकड़े के अनुरूप है। यह राजकोषीय समेकन पथ पर प्रगति को दिखाता है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 महीनों में सरकारी खर्च 35.7 लाख करोड़ रुपए रहा है।

## नेशनल वाटरवे रेगुलेशन प्राइवेट प्लेयर्स के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा : केंद्र



■ पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में प्राइवेट सेक्टर के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

विनियमनों के लागू होने से, प्राइवेट संस्थाएं अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है।

यह प्रगति सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर व्यापार करने में आसानी बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, हाल ही में शुरू की गई जलवाहक योजना से प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय जलमार्गों पर मौजूदा 4,700 मिलियन टन किलोमीटर से लगभग 17 प्रतिशत तक कार्गो परिवहन को प्रोत्साहित करना है।

### सार संक्षेप

### जनवरी में यूपीआई ट्रांजेक्शन 16.99 बिलियन से अधिक

**नई दिल्ली।** लेटेस्ट सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी महीने में पहली बार यूपीआई ट्रांजेक्शन 16.99 बिलियन से अधिक हुआ और मूल्य 23.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया, जो किसी भी महीने में दर्ज की गई सबसे बड़ी संख्या है। यूपीआई भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम की आधारशिला बना हुआ है, जो देश भर में खुदरा भुगतानों में 80 प्रतिशत का योगदान देता है। वित्त वर्ष 2023-24 में डिजिटल पेमेंट में जबरदस्त उछाल दिखा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए टोटल ट्रांजेक्शन की मात्रा 131 बिलियन से अधिक हो गई और मूल्य 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। वित्त मंत्रालय के अनुसार, भाग लेने वाले बैंकों और फिनटेक प्लेटफार्मों के बढ़ते नेटवर्क के साथ-साथ उपयोग में आसानी ने यूपीआई को देश भर में लाखों यूजर्स के लिए रियल-टाइम पेमेंट का पसंदीदा तरीका बना दिया है।

### जीरोधा का कारोबार 15 वर्षों में पहली बार घटा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में भारी गिरावट होने के बाद जीरोधा के सीईओ और सह-संस्थापक नितिन कामत ने कहा कि 15 वर्षों में पहली बार उनके बिजनेस में गिरावट देखने को मिली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कामत ने कहा कि ट्रेडर्स की संख्या और कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। कामत ने मुताबिक, सभी ब्रोकर्स के प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग गतिविधि में 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। आगे कहा कि 15 साल पहले बिजनेस की शुरुआत करने के बाद से लेकर अब तक पहली बार कारोबार में गिरावट देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद से दुनिया के बाजारों में गिरावट देखने को मिल रही है। ट्रंप ने कहा कि मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सामानों पर टैरिफ 4 मार्च से प्रभावी हो जाएंगे। इसके अलावा चीनी आयात पर टैरिफ को दोगुना कर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

### भारत में यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में यात्री वाहनों की बिक्री वर्ष 2025-26 में 4-7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण मांग में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 6-9 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 11-14 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024 में यात्री वाहन उद्योग की बिक्री 4.2 मिलियन यूनिट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 (ईयर-टू-डेट) में थोक बिक्री स्थिर रही, जिसका कारण ऑटोमोबाइल निर्माताओं द्वारा स्थिर उत्पादन रहा, लेकिन उद्योग की बिक्री में मामूली वृद्धि लगभग 2 प्रतिशत रही।

## आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी 2025 में रही 4.6 प्रतिशत

■ कच्चा तेल व प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट

■ सीमेंट, रिफाइनरी उत्पाद, कोयला, इस्पात, उर्वरक व बिजली उत्पादन में वृद्धि




**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। देश में आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत (अनंतिम) रही। जबकि दिसंबर 2024 में इन क्षेत्रों का उत्पादन सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़ा था। सरकार की ओर से शुक्रवार आंकड़े जारी किए गए।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2025 में सीमेंट, रिफाइनरी उत्पाद, कोयला, इस्पात, उर्वरक और बिजली उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई जबकि कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। इन आठ उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा है। इस बीच अक्टूबर 2024 के संशोधित अंतिम आंकड़ों के अनुसार इन आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 3.8 प्रतिशत रही। अप्रैल-जनवरी, 2024-25 के दस माह के दौरान इन प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 4.4 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि दर्ज की गई है।

आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी में कोयला उत्पादन पिछले साल के इसी माह की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि अप्रैल-जनवरी, 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन की वृद्धि 6.0 प्रतिशत रही। जनवरी में कच्चे तेल का उत्पादन 1.1 प्रतिशत गिरा और चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी के दौरान इसके उत्पादन में सालाना आधार पर 2.0 प्रतिशत की गिरावट रही। जनवरी, 2025 में गैस उत्पादन 1.5 प्रतिशत गिरा और अप्रैल से जनवरी, के दौरान इसका संचयी उत्पादन एक साल पहले इसी अवधि से 0.5 प्रतिशत ऊंचा रहा।

## भारतीय फार्मा सेक्टर में 8 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि

■ 2024 में निर्यात दरों में 9 प्रतिशत का आया उछाल

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय फार्मा सेक्टर में 8 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि हुई है और 2024 में निर्यात दरों में भी 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मैकिन्से एंड कंपनी की रिपोर्ट से पता चला है कि देश में फार्मा सेक्टर में तेजी से उत्पादन वृद्धि देखी जा रही है। एपीआई और बायो टेक्नोलॉजी में अपनी क्षमताओं का विस्तार करते हुए सेक्टर 8 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ा है, जो वैश्विक औसत से दोगुना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश जेनेरिक दवाओं का दुनिया का सबसे बड़ा सप्लायर भी बन गया है, जिसकी फार्मा निर्यात वृद्धि दर 9 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी है। वर्तमान में भारत वैश्विक मांग का 20 प्रतिशत पूरा करता है। इसमें अमेरिका को सप्लाई की जाने वाली 40 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक दवाएं और यूके को 25 प्रतिशत शामिल हैं।

## ऑथेंटिकेशन को आसान बनाने के लिए सरकार ने लांच किया आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल




■ रिसोर्स गाइड के रूप में काम करेगा पोर्टल

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार ने ऑथेंटिकेशन रिक्वेस्ट प्रोसेस को आसान बनाने के लिए आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल लॉन्च किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अनुसार, यह आधार को अधिक प्यूपल -फ्रेंडली बनाने, जीवन को आसान बनाने और लोगों के लिए सेवाओं तक बेहतर पहुंच सक्षम करने के प्रयास के अनुरूप है। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा कि आधार देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ा रहा है।

कुमार ने कहा कि आधार गुड गवर्नेंस पोर्टल को निर्धारित नियमों के अनुसार संस्थाओं द्वारा प्रस्तावों को प्रस्तुत करने और अनुमोदन में आसानी की सुविधा के लिए विकसित किया गया है। आधार दुनिया की सबसे विश्वसनीय डिजिटल आईडी है। बीते एक दशक में एक अरब से ज्यादा भारतीय आधार पर भरोसा जता चुके हैं। करीब 100 अरब से अधिक बार आधार के जरिए ऑथेंटिकेशन हो चुका है। मंत्रालय का कहना है कि इस नए बदलाव से सर्विस देने और लेने वाले दोनों को विश्वसनीय लेनदेन करने में मदद मिलेगी। यह पोर्टल एक रिसोर्स गाइड के रूप में काम करेगा और ऑथेंटिकेशन चाहने वाली संस्थाओं के लिए विस्तृत एसओपी प्रदान करेगा कि कैसे आवेदन करें और आधार ऑथेंटिकेशन के लिए कैसे शामिल हों।

## बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4731 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की तेजी के साथ 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## भारत का खिलौना निर्यात वैश्विक स्तर पर बड़ी हिस्सेदारी के लिए तैयार : रिपोर्ट



■ 2032 तक 179.4 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार भारत का तेजी से बढ़ता खिलौना उद्योग वैश्विक खिलौना बाजार में एक बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए तैयार है, जिसे लेकर अनुमान है कि यह 2032 तक 179.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि खिलौना उद्योग में वृद्धि स्किल डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी अडॉप्शन, क्वालिटी सुधार के साथ-साथ सरकार के सहयोग की वजह से देखी जा रही है। यह व्यापार के आंकड़ों में दिखाई देता है, जो दर्शाता है कि भारत का खिलौना आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 304 मिलियन डॉलर से 79 प्रतिशत तक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 65 मिलियन डॉलर हो गया है। इस बीच, इसी अवधि के दौरान निर्यात में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 109 मिलियन डॉलर से बढ़कर 152 मिलियन डॉलर हो गया है। नतीजतन, भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक बन गया है।

हाल के वर्षों में घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने में सरकारी नीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और केंद्रीय बजट 2025-26 में खिलौना उद्योग के लिए नेशनल एक्शन प्लान की घोषणा इस क्षेत्र के महत्व को दर्शाती है। एक्शन प्लान का उद्देश्य खिलौना उद्योग को क्लस्टर डेवलपमेंट, स्किल को बढ़ाने और मेड इन इंडिया ब्रांड के तहत हाई-क्वालिटी वाले खिलौनों के उत्पादन के लिए एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनाने के जरिए बढ़ावा देना है।

रिपोर्ट बताती है कि 2020 में क्यूसीओ के कार्यान्वयन ने खिलौनों के लिए सख्त गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित किया। इसके अतिरिक्त, सरकार ने फरवरी 2020 में आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत और मार्च 2023 में 70 प्रतिशत कर दिया। इन उपायों ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देते हुए खिलौनों के आयात को काफी कम कर दिया है। रिपोर्ट उद्योग के अनुमानों के अनुरूप है, जो दिखाते हैं कि उद्योग का वर्तमान बाजार आकार 1.7 बिलियन डॉलर है और 10.5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर के साथ इसके 2032 तक 4 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।